RNI No. CHHHIN/2009/35020

नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -16 ◆ अंक: 122 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, मंगलवार 5 मार्च 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर

श्रम वैन पहुंचा ग्राम पंचायत बंदरचुआं एव बेमताटोली,151 श्रमिकों का किया गया पंजीयन



पेज -8 पर

दस सालों से शौचालय की प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने पर चन्द्रशेखरपुर के ग्रामीण दर-दर ...

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण से की मुलाकात



**रायपुर** । छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण से आज दिल्ली में मुलाकात की। श्री ओपी चौधरी ने केंद्रीय वित्त मंत्री से छत्तीसगढ़ की वित्तीय व्यवस्था के संबंध में गहन चर्चा की एवं आवश्यक सहयोग का निवेदन किया। केंद्रीय वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ को विकसित बनाने हेतु श्री ओपी चौधरी से हर संभव सहायता करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

### लोकसभा से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका

## पूर्व एमएलए, जिला पंचायत अध्यक्ष समेत कई नेता भाजपा में शामिल



**रायपुर।** लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। अंतागढ़ के चर्चित पूर्व विधायक मंतूराम, कांग्रेस नेता और जनता कांग्रेस के कई नेता बीजेपी में शामिल हो गए हैं। भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और भाजपा अध्यक्ष किरणदेव सिंह भाजपा प्रवेश कराया है। इसके अलावा, बिलासपुर से जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थाम लिया है। जनता कांग्रेस से टिकट पर चुनाव लड़ चुके अखिलेश पांडे ने भी भाजपा ज्वाइन किया है।

# बिना मुआब्जा दिये बाकारुमा की तर्ज पर अब प्रेमनगर में भारत माला परियोजना का काम चालू

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**धरमजयगढ़ क्षेत्र से बड़ी खबर सामने आ रही हैं यहां फिर से भारत माला परियोजना बिना ग्रामीणों को ज़मीन का मुआब्जा दिए उनकी जमीन पर जोर जबरदस्ती कर काम चालू कर दिया हैं भारत माला का कार्य धरमजयगढ़ में डीबीएल कंपनी द्वारा किया जा रहा हैं।**





मामला प्रेमनगर कॉलोनी का हैं जहां प्रेमनगर दुलियामुड़ा के बीच स्थित प्रेमनगर वासियो की जमीन हैं जो भारत माला परियोजना अंतर्गत आ रहा हैं इसमें कई लोगों का मुआवजा बन चूका हैं और कई लोगों ऐसे हैं जिनका मुआवजा बना तो हैं पर उन्हें उसकी कोई राशि नहीं मिली जिनके खेत में अचानक डीबीएल कंपनी की 2 बड़ी मशीनों को खेतो में घुसा दिया गया और सड़क निर्माण की प्रकिया के तहत कार्य चालू कर दिया गया। वहां मौजूद कंपनी के कर्मचारी द्वारा ग्रामीणों के जमीन में जबरजस्ती मशीन घुसा दिया गया और काम चालू कर दिया गया। खेत मालिक द्वारा अपने खेत में फलदार वृक्ष लगाया गया था। जिसे मशीन कि सहायता से डीबीएल कंपनी ने उखाड़ फेंका।





जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

दूसरे जमीन मालिक द्वारा अपने खेत में फसलों कि सिंचाई के लिए 2 बोर खनन किया था पर उसका मुआवजा ना देना पड़े इसके लिए डीबीएल कंपनी ने मशीन लगाकर उसके पाइप केसिंग पाइप तोड़ डाला और मिट्टी से ढकने का प्रयास किया। जिससे किसी को पता ना चल सकें कि वहां पर ऐसा कुछ था। इन सभी घटनाओं कि सूचना मिलते हैं तुरंत गांव वालों ने पहुंच हंगामा चालू कर दिया तब आनन-फानन में कंपनी के कुछ कर्मचारी आकर गांव वालों को समझाने लगे ताकि विरोध को शांत किया जा सके वहीं डीबीएल कंपनी के कुछ लोग मुआवजा को लेकर सारा ठीकरा धरमजयगढ़ एसडीएम के नाम पर फोड़ दिया। उनके कर्मचारी कहने लगे की यह हमारी गड़बड़ी नहीं हैं आप लोगों एसडीएम से जाकर पूछे कि पैसा क्यों नहीं दिया गया। हम लोग काम करेंगे आप लोग एसडीएम के पास जाये। जिसके बाद डीबीएल कंपनी वाले कर्मचारी काम चालू करवाने के लिए कहने लगे आप लोगों हमें काम करने दीजिए आपके मुआवजे का काम चल रहा हैं। जिसके बाद गांव वालों की बात ना मानते काम बंद करने को कहा।

वही गांववालों ने बताया कि उनके खेत का मुआवजा उन्हें नहीं मिला हैं और मना करने के बाद भी जबरजस्ती उनके खेत में काम चालू कर दिया गया कई सारे फलदार पौधे को उखाड़ दिया गया जब उनसे मुआवजे की बात किया गया तब उनके तरफ से कोई संतुष्ट जवाब नहीं आया वही गांव वालों द्वारा खेत में लगे फसल की मुआवजे के लिए पुछा गया तब कर्मचारियों ने सीधे कह दिया सिर्फ जमीन का पैसा मिलेगा फसल का नहीं।

### क्या कहते जमीन मालिक

* भारत माला सड़क निर्माण में बिना मुआवजा दिए जमीन में काम चालू करवा दिया गया। इनके द्वारा 6 महीने पहले भी मशीन लेकर आया गया था। जिसे अनीता शील द्वारा मना कर दिया गया जिसके बाद 3 मार्च को फिर उनके खेत में घुसने का प्रयास किया गया। जिसमे कर्मचारी जोर जबरदस्ती कर रहे थे लेकिन जबरदस्ती मशीनों को खेत में घुसाकार फसलों को नष्ट दिया गया और फलदार वृक्षों को तहस नहस कर दिया।

**अनीता शील**

* पास के ही जमीन मालिक रंजीत सिकदार ने बताया कि उनका जमीन भारतमाला परियोजना में लगभग 2 एकड़ पड़ रहा हैं और उनका मुआब्जा 21 लाख 80 हजार रूपये का बना हैं पर उन्हें अभी तक कोई पैसा नहीं मिला और उनके खेत में सिंचाई के लिए 2 बोर खुदाई करवाए थे पर डीबीएल कंपनी द्वारा दोनों बोर को तोड़ मिट्टी में दबा दिया गया ताकि उसके कोई सबूत ना मिले और जमीन मालिक को बोर तोड़ने से पहले ना ही उसको सूचना दिया गया और उसका मुआबजा भी नहीं दिया गया।

**रंजीत सिकदार**

### 8 नहीं 7 मार्च को मिलेगा महतारी वंदन का पैसा

## पीएम मोदी वर्चुअली करेंगे संबोधित



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की महिलाओं को महतारी वंदन योजना का पैसा 7 मार्च को मिलेगा। तय कार्यक्रम 8 मार्च को बदल दिया गया है। प्रदेशभर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली जुड़कर महिलाओं के खाते में रकम ट्रांसफर करेंगे।

इस दौरान रायपुर के साइंस कॉलेज में 50 हजार महिलाएं भी जुड़ेंगी।

प्रदेश के लगभग सभी जिलों में कार्यक्रम की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी कार्यक्रम में मौजूद होंगे। विधानसभा चुनावों में भाजपा ने विवाहित महिलाओं को 12 हजार रुपए सालाना देने का वादा किया था। लोकसभा चुनाव से कुछ दिन पहले अब मोदी 1 हजार रुपए की किस्त महिलाओं के खातों में भेजेंगे। कार्यक्रम की अंतिम रूप रेखा विभाग तैयार कर रहा है।

रायपुर के साइंस कॉलेज में जुटेंगी 50 हजार महिलाएं

8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस है इससे ठीक एक दिन पहले किस्त ट्रांसफर करने का बड़ा कार्यक्रम किया जा रहा है। 7 मार्च को रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में महतारी वंदन सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

## महादेव सट्टा: गिरीश तलरेजा और सूरज चोखानी को मिली 7 दिन की रिमांड



**रायपुर।** एक दिन की रिमांड खत्म होने के बाद महादेव एप सट्टेबाजी मामले में भोपाल और कोलकाता से ईडी की गिरफ्त में आए मुख्य आपरेटर गिरीश तलरेजा और सूरज चोखानी को लेकर ईडी की टीम दोपहर रायपुर कोर्ट पहुंची। जहां महादेव सट्टा एप मामले में गिरफ्तार गिरीश तलरेजा और सूरज चोखानी को विशेष कोर्ट ने 7 दिन की रिमांड पर ईडी को सौंप दिया है। अल्टरनेट डे पर वकील कर दोनों आरोपियों से मुलाकात कर सकेंगे। गिरीश पर एप के संचालक शुभम सोनी के साथ मिलकर बैंक खातों से काली कमाई का पैसा रोटेड करने का आरोप है। वहीं सूरज चौखानी पर हरीश टिबरेवाल के साथ मिलकर ऐप से कमाए पैसों को शेयर मार्केट में लगाने का आरोप है। बता दें कि रविवार को आरोपितों को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नीति की अदालत में पेश किया गया, जहां करीब चार घंटे दोनों पक्षों के वकीलों के बीच चली। बहस के बाद न्यायाधीश ने दोनों आरोपितों को एक दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का आदेश दिया था। महादेव एप के संचालक शुभम सोनी की बर्थ डे पार्टी में गिरीश तलरेजा और रतनलाल जैन शामिल हुए थे।

## अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर** । अलग-अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 85 पाव देशी शराब एवं एक दोपहिया वाहन जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने ग्राम तिवरैया मोड़ के पास टीवीएस एक्सल से अवैध शराब लेकर जाते आरोपी अशोक साहू 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 35 पाव देशी शराब जब्त किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने अवतार बघेल 24 वर्ष के पास से 32 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने भरोसा यादव के पास से 18 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 160 रुपए जब्त किया है।

### गौ-हत्या में शामिल लोगों की लिस्ट करेंगे जारी

## हिंदू धर्म से करेंगे बहिष्कृत, 10 को भारत बंद, 14 को संसद मार्च-शंकराचार्य



**रायपुर।** शंकराचार्यों ने गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर 10 मार्च को भारत बंद बुलाया है। इसके बाद 14 मार्च को पैदल संसद मार्च करेंगे। उन्होंने कहा कि, गौ हमारी माता है, लेकिन उनके प्रति अमानवीय व्यवहार बंद नहीं हो रहा है। रायपुर में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि, बहुमत सारे लोग गौ हत्या के पाप से जुड़े हुए हैं। हम ऐसे लोगों की लिस्ट बना रहे हैं। पहली सूची चैत्र शुक्ल प्रतिपदा (9 अप्रैल) के दिन जारी करेंगे और इसमें शामिल लोगों को हिंदू से बहिष्कृत किया जाएगा। राजिम कल्प कुंभ में शामिल होने पहुंचे ज्योतिष-पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और द्वारिका पीठ के शंकराचार्य सदानंद सरस्वती ने कहा कि, जिस देश में गीता, गौ और गंगा को माता का स्थान दिया गया है, वहां गौ हत्या रोकने का प्रयास नहीं हो रहा है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा, बहुत सारे स्लॉटर हाउस, बूचड़खाने, वध स्थल हिंदुओं द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। गौ हत्या में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से अगर कोई व्यक्ति संलिप्त पाया जाएगा तो बाकायदा उसे हिंदू धर्म से बहिष्कृत करने की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इसके बाद अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों की सूची बनेगी और उन्हें भी सनातन धर्म से बाहर करेंगे।

# 2 पूर्व मंत्री के करीबियों सहित अन्य के ठिकानों पर कई मामले में पड़ा छापा

*रायपुर । केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 1 मार्च को राज्य के पांच शहरों में एक साथ दबिश दी थी। इस दौरान ईडी ने कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे जय सिंह अग्रवाल और अनिला भेड़िया के करीबियों सहित कुछ सरकारी अफसरों के यहां जांच की। छापे के आज चौथे दिन ईडी ने इसको लेकर एक बयान जारी किया है।*

ईडी की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि छापे डीएमएफ (जिला खनिज निधि) घोटाले से जुड़े छत्तीसगढ़ के 13 स्थानों पर 01 मार्च को तलाशी अभियान चलाया है। तलाशी अभियान के दौरान रुपये की नकदी मिली। 27 लाख (लगभग), विभिन्न आपत्तिजनक दस्तावेज़ और डिजिटल उपकरण बरामद और जब्त किए गए हैं।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), रायपुर ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत डीएमएफ (जिला खनिज निधि) घोटाले से जुड़े छत्तीसगढ़ में 13 स्थानों पर 1 मार्च को तलाशी अभियान चलाया है। ईडी ने राज्य सरकार के अधिकारियों और राजनीतिक अधिकारियों की मिलीभगत से डीएमएफ ठेकेदारों द्वारा सरकारी खजाने से पैसे निकालने में शामिल होने के लिए भारतीय दंड संहिता, 1860 की विभिन्न धाराओं के तहत छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा दर्ज 03 अलग-अलग एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। यह मामला छत्तीसगढ़ में जिला खनिज निधि के धन के उपयोग में भ्रष्टाचार से जुड़ा है। डीएमएफ खननकर्ताओं द्वारा वित्त पोषित एक ट्रस्ट है जिसे छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में खनन से संबंधित परियोजनाओं और गतिविधियों से प्रभावित लोगों के लाभ के लिए काम करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। ईडी की जांच से पता चला कि ठेकेदारों ने अधिकारियों और राजनीतिक अधिकारियों को भारी मात्रा में कमीशन/अवैध परितोषण का भुगतान किया है, जो अनुबंध मूल्य का 25% से 40% तक है। रिश्वत के भुगतान के लिए उपयोग की जाने वाली नकदी विक्रेताओं द्वारा आवास प्रविष्टियों का उपयोग करके उत्पन्न की गई थी। केवल जिला कोरबा को आवंटित डीएमएफ निधि इसकी स्थापना से वित्तीय वर्ष 2022-23 तक 2000 करोड़।

*कमीशन की प्रचलित दर के अनुसार, अकेले कोरबा में कमीशन की राशि 500-600 करोड़ रुपये होगी। पूरे राज्य के डेटा का विश्लेषण और अपराध की आय की मात्रा निर्धारित करने का काम चल रहा है। तलाशी अभियान के दौरान रुपये की नकदी बरामद हुई। 27 लाख (लगभग) जब्त किया गया है। इसके अलावा, डिजिटल और डॉक्यूमेंट्री के रूप में कई अन्य आपत्तिजनक साक्ष्य भी बरामद और जब्त किए गए हैं। बता दें कि 1 मार्च को ईडी ने पूर्व मंत्री जय सिंह अग्रवाल और अनिला भेड़िया के करीबियों सहित डीएमएफ से जुड़े अन्य संदेहियों के यहां दबिश दी थी।*

# राम भक्तों को अयोध्या में रामलला का कराया जाएगा दर्शन : मुख्यमंत्री साय

### कथा वाचक प्रदीप मिश्रा को राज्य अतिथि का दर्जा देने की घोषणा

**रायपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुंगेली के ग्राम चलान (चातरखार) में आयोजित 108 महाकुण्डीय यज्ञ, श्री शिव महापुराण एवं विराट संत सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने व्यासपीठ पर विराजमान प्रसिद्ध शिव महापुराण कथा वाचक श्री प्रदीप मिश्रा का अभिनंदन किया और उन्हें नमन कर आशीर्वाद लिया।**



साथ ही शिव महापुराण आरती में शामिल होकर प्रदेश की सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कथा वाचक श्री मिश्रा को राज्य अतिथि का दर्जा देने की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री श्री साय ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि मुंगेली जिले में 108 महाकुण्डीय यज्ञ श्री शिव महापुराण एवं विराट संत सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। जिसमें आज बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा सुनने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की धरती है, भगवान राम हमारे भांचा है। अयोध्या में 22 जनवरी को जब नवनिर्मित राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई, तो सबसे अधिक उत्साह छत्तीसगढ़ में देखने को मिला। उन्होंने कहा कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत सरकारी खर्चे से रामभक्त अयोध्या में भगवान राम का दर्शन करेंगे। 05 मार्च को रायपुर से अयोध्या के लिए ट्रेन रवाना होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर विश्वास करके छत्तीसगढ़ की जनता ने हमारी सरकार बनाई है, उस पर खरा उतरने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव ने कहा कि आज हम सभी के लिए सौभाग्य की बात है कि मुंगेली की इस धरती में इतना बड़ा आयोजन हो रहा है। भोले बाबा की महिमा से बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हुए हैं, इससे ऐसा लग रहा है कि महाशिवरात्रि की शुरुआत हो गई है।



# आर्थिक वृद्धि दर ने साबित किया कि मुश्किल हालात में मोदी का नेतृत्व देश के काम आया

वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही के दौरान सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर ने भारत सहित विश्व के समस्त आर्थिक विश्लेषकों को चौंका दिया है। इस दौरान, भारत में सकल घरेलू उत्पाद में 8.4 प्रतिशत की वृद्धि हासिल हुई है जबकि प्रथम तिमाही के दौरान वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत एवं द्वितीय तिमाही के दौरान 7.6 प्रतिशत की रही थी। पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान वृद्धि दर 4.4 प्रतिशत रही थी।

साथ ही, क्रेडिट रेटिंग संस्थान इकरा ने इस वर्ष तृतीय तिमाही में 6 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान एवं भारतीय स्टेट बैंक ने भी 6.9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया था। कुल मिलाकर, लगभग समस्त वित्तीय संस्थानों के अनुमानों को झुठलाते हुए सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर 8.4 प्रतिशत की रही है।

हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है। साथ ही, खनन के क्षेत्र में वृद्धि दर 1.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.5 प्रतिशत की रही है। यह तीनों ही क्षेत्र रोजगार सृजन के क्षेत्र माने जाते हैं। अतः देश में अब रोजगार के नए अवसर भी निर्मित हो रहे हैं। विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम इकाईयों में वृद्धि दर आकर्षक रही है। कृषि का क्षेत्र जरूर, विपरीत मानसून एवं अल नीनो के प्रभाव के चलते, विपरीत रूप से प्रभावित हुआ है एवं कृषि के क्षेत्र में वृद्धि दर 0.2 प्रतिशत ऋणात्मक रही है। हालांकि वित्तीय वर्ष 2019-20 से लेकर 2022-23 तक कृषि के क्षेत्र में औसत वृद्धि दर 3 प्रतिशत प्रतिवर्ष से अधिक की रही है। परंतु, प्रकृति के आगे तो किसी की चलती नहीं है।



हम सभी के लिए हर्ष का विषय तो यह है कि विनिर्माण इकाईयों की वृद्धि दर 4.8 प्रतिशत से बढ़कर वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में 11.6 प्रतिशत हो गई है तथा निर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर 9.5 प्रतिशत की रही है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 के तृतीय तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद के विशेष रूप से उद्योग क्षेत्र एवं सेवा क्षेत्र में वृद्धि दर के आंकड़ों को देखकर तो अब यह विश्वास के साथ कहा जा सकता है कि भारत आगे आने वाले वर्षों में 10 प्रतिशत प्रतिवर्ष की विकास दर हासिल करने की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है एवं अगले लगभग 4 साल के अंदर ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, वर्तमान में भारत विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय शेयर बाजार भी बाजार पूंजीकरण के मामले में वर्तमान में विश्व में चौथे स्थान से तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। क्योंकि, भारत में आर्थिक विकास की तीव्र गति को देखते हुए विदेशी निवेशक एवं विदेशी निवेश संस्थान, दोनों ही भारतीय पूंजी बाजार में अपने निवेश को निश्चित ही बढ़ाएंगे। भारत में वित्तीय वर्ष 2023-24 की तृतीय तिमाही में अनुमानों से कहीं अधिक वृद्धि दर हासिल करने के पीछे दरअसल हाल ही के समय में आर्थिक क्षेत्र के साथ साथ सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्रों में हो रहे परिवर्तन भी मुख्य भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं, इस ओर सामान्यतः विदेशी अर्थशास्त्रियों एवं वित्तीय संस्थानों का ध्यान शायद नहीं जा रहा है। हाल ही के समय में भारत में अब विभिन्न त्यौहार अत्यधिक उत्साह के साथ मनाए जा रहे हैं। इन त्यौहारों के मौसम एवं शादियों के मौसम में भारतीय परिवारों, विशेष रूप से मध्यम वर्गीय एवं उच्च वर्गीय परिवारों के खर्च में अपार वृद्धि हो रही है। इस खर्च का पूरा पैसा भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रहा है, जिससे आर्थिक वृद्धि दर में तेजी दिखाई देने लगी है।

वर्ष 2023 में दीपावली त्यौहार के दौरान लगभग 4 लाख करोड़ रुपए की राशि भारतीय परिवारों द्वारा खर्च की गई थी। शादियों के दौरान भारतीय परिवारों द्वारा अतिरिक्त खर्च किया जाना भी केवल भारत की ही विशेषता है, अन्य देशों में शादियों के दौरान इस प्रकार के खर्च नहीं होते हैं। दूसरे, भारत में हाल ही के समय में धार्मिक पर्यटन में अपार वृद्धि देखने में आई है, क्योंकि इन क्षेत्रों की आधारभूत संरचना में आमूल चूल सुधार हुआ है। पर्यटन के बढ़ने से न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी अपार बल मिल रहा है। अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, वृंदावन आदि धार्मिक स्थलों पर पर्यटकों की अपार वृद्धि दिखाई दे रही है। अयोध्या में तो प्रभु श्रीराम के मंदिर के शिलान्यास के बाद से लगातार औसतन प्रतिदिन 2 लाख से अधिक पर्यटक अयोध्या पहुंच रहे हैं। इससे न केवल स्थानीय बल्कि उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी बल मिल रहा है। हालांकि केंद्र सरकार द्वारा आर्थिक क्षेत्र में लगातार किए जा रहे सुधारों के चलते एवं पूंजीगत खर्च में लगातार की जा रही बढ़ोतरी से भी भारतीय अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में केंद्र सरकार द्वारा 10 लाख करोड़ रुपए की राशि इस मद पर खर्च की गई है जबकि वित्तीय वर्ष 2022-23 में इस मद पर 7.5 लाख करोड़ रुपए की राशि खर्च की गई थी। वहीं वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में पूंजीगत खर्च की राशि को बढ़ाकर 11.11 लाख करोड़ रुपए कर दिया गया है। दूसरे, भारत में कर (प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष) के संग्रहण में भी अपार सुधार दिखाई दे रहा है। कर ढांचे को आसान बनाकर सम्बंधित नियमों के अनुपालन में सुधार कर, कर संग्रहण में 20 प्रतिशत के आसपास की वृद्धि हासिल की गई है।

प्रह्लाद सबनानी

## संपादकीय

### भयाकुल नस्ल के पावरफुल

एक अंग्रेजी के अखबार ने देश के एक सौ सबसे पावरफुल लोगों की सूची जारी की है। यह सूची हर साल आती है और हर साल लगभग एक जैसे चेहरे होते हैं। उन्हीं की रैंकिंग में थोड़ा ऊपर नीचे होता है। इस रैंकिंग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीर्ष पर होते हैं और उसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ साथ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोवाल, सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ आदि के नाम शीर्ष 10 में होते हैं। उसके बाद इस सूची में अन्य केंद्रीय मंत्री, केंद्रीय जांच एजेंसियों के प्रमुख, मुख्यमंत्री, कांग्रेस के कुछ नेता, फिल्म अभिनेता, कारोबारी, बैंकर और खेल आदि से जुड़े लोग होते हैं।

नस्ल के इन कथित पावरफुल लोगों के चेहरे देखते हुए महाभारत की मूल कहानी में क्षेपक के तौर पर कही जाने वाली एक कहानी का ध्यान आता है। सबको पता है कि युद्ध शुरू होने से पहले भगवान कृष्ण ने बरबरी का सिर काट कर एक ऊंची जगह पर टांग दिया था, जहां से वह युद्ध देख रहा था। 18 दिन का युद्ध खत्म होने के बाद कृष्ण ने बरबरी से युद्ध के बारे में पूछा तो उसने कहा- भगवन मुझे तो दोनों तरफ से आप ही लड़ते दिख रहे थे।

उसी तरह का मामला इस सूची का भी है। सभी सौ लोगों में एक ही चेहरा दिखता है और वह चेहरा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। जैसे सौरमंडल में ऊर्जा का स्रोत सिर्फ सूर्य है और बाकी सारे ग्रह उसकी रोशनी से चमकते हैं वैसे ही देश में शक्ति का एकमात्र स्रोत नरेंद्र मोदी हैं और बाकी लोगों के पास आभासी ताकत है।

# वरिष्ठ नागरिकः रिटायरमेंट फंड का सही तरीके से करें उपयोग, एकमुश्त रकम का करें ऐसा इस्तेमाल, जो आपके काम आए

आगरा के प्रतिष्ठित केंद्रीय विश्वविद्यालय से जुड़े विपुल गुप्ता सेवानिवृत्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। 35 साल पहले इतिहास विभाग में एक जूनियर रीसर्चर से करिअर की शुरुआत करने वाले गुप्ता अब एक वरिष्ठ प्रोफेसर के रूप में सेवानिवृत्त होंगे। उन्होंने अपने करिअर में छात्रों को शिक्षित किया है, लेकिन जब उनके खुद के वित्त को संभालने की बात आती है, तो वह हमेशा लड़खड़ा जाते हैं। उन्हें लगता है कि वह जिस पेंशन के हकदार हैं, वह सेवानिवृत्ति के बाद उनकी अच्छे से देखभाल कर लेगा। फिर भी वित्त को लेकर उनकी चिंता लाजिमी है।

### एकमुश्त रकम को संभालने की चिंता

विपुल का ध्यान सिर्फ मासिक वेतन कमाने पर था। इसलिए उन्होंने कभी इतनी बड़ी रकम नहीं देखी, जो अब से एक महीने बाद में उन्हें मिलने वाली है। अब उन्हें चिंता सता रही है कि सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली एकमुश्त रकम को कैसे संभालेंगे। कुछ लोग उन्हें सलाह भी दे रहे हैं कि इस बड़ी रकम का क्या करना चाहिए। बड़ी रकम को संभालना, खासकर जब आप इसके आदी नहीं होते हैं, तो यह मुश्किल काम होता है और यह भावनात्मक रूप से थका देने वाला हो सकता है। इसमें भावनात्मक पहलू इसलिए आता है क्योंकि जो व्यक्ति सेवानिवृत्त होने वाला है वह उसकी सालों की कड़ी मेहनत का फल होता है। जो लोग सेवानिवृत्ति के करीब हैं और जिन्हें बड़ी रकम मिलने वाली है, उन्हें मेरा सुझाव है कि वे हर तरह से तैयार रहें। यहां कई ऐसी चीजें हैं जो किसी को करनी चाहिए।

### कर्ज चुकाने को दें



### प्राथमिकता

बैंक खाते में पैसा बेकार पड़ा रहना कोई अच्छा विकल्प नहीं है। अपने जीवनसाथी और परिवार के साथ बैठकर उन चीजों की सूची बना सकते हैं जो वे आपकी इस रकम से करना चाहेंगे। आपको सूची को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके लिए एक समय सीमा तय करनी चाहिए। इस तरह आप उनकी इच्छाओं को जान पाएंगे। यदि आप पर कोई बकाया कर्ज है और वह आपको प्राप्त एकमुश्त धनराशि से कम है तो सबसे पहले उसे चुका दें। पैसा खर्च कहाँ और कैसे करें, इसके बारे में सोचने से बेहतर है कि ब्याज वाले कर्ज को खत्म कर दिया जाए।

**परिवार की मदद करें**

अपनी सेवानिवृत्ति निधि को आप इसे अपने बच्चों या भाई-बहनों को सौंपने की चाहत रख सकते हैं। अपने पास आए इस बड़े पैसे से अपने पोते-पोतियों की भविष्य की शिक्षा के लिए भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इस अवसर का उपयोग दान और उन कार्यों के लिए भी कर सकते हैं जो अपनी मानसिक शांति के लिए करना चाहते हैं।

### कर भुगतान के लिए तैयार रहें

आप इस बड़ी राशि पर बनने वाले कर की जांच करें। धन को इस तरह से समाहित करने का प्रयास करें कि आपकी कर देनदारी कम से कम हो। अधिकांश सेवानिवृत्ति लाभ कर मुक्त होते हैं। लेकिन यदि आपको मुफ्त सीमा से अधिक धन प्राप्त हुआ है, तो कर का भुगतान करने के लिए तैयार रहें। यह प्रक्रिया वास्तव में उस राशि को कम कर देगी जो आपने वास्तव में प्राप्त की गई धनराशि पर पुनर्विचार करने के लिए प्राप्त की है।

### सेवानिवृत्ति का आनंद लें

अगर आप भी विपुल गुप्ता जैसी स्थिति में हैं, तो आपको सेवानिवृत्ति का आनंद लेना चाहिए। एकमुश्त राशि प्राप्त करने से नहीं डरना चाहिए। अप्रत्याशित रूप से मिलने वाले पैसे को संभाल सकते हैं। सावधान रहें कि इसे बर्बाद न करें। अक्सर जब हमें अचानक बहुत सारा पैसा मिल जाता है तो हम यह मान लेते हैं कि यह एक बड़ी राहत है और इसे खर्च कर देना चाहिए, जबकि इसे किसी आपात स्थिति के दौरान वित्तीय सुरक्षा के लिए बचाया जाना चाहिए। यह आपके वित्तीय लक्ष्यों को जांचने का एक अच्छा समय होगा। जिन लक्ष्यों को अभी भी हासिल नहीं किया जा सका है, उन्हें आपकी सेवानिवृत्ति फंड से पूरा किया जा सकता है। इस तरह, आप अपने लक्ष्यों को तय कर उनमें से कुछ को उनके सामने आने से पहले हासिल कर सकते हैं।

- नारायण कृष्णमूर्ति

## मिला जुला

### एक नजर

#### बजट सत्र के दूसरे दिन पंजाब विधानसभा में जबरदस्त हंगामा

स्पीकर ने की कार्यवाही स्थगित; सीएम मान और बाजवा के बीच हुई कहासुनी

**चंडीगढ़।** पंजाब सरकार के बजट सत्र का आज दूसरा दिन है। गवर्नर बनवारी लाल पुरोहित के अभिभाषण पर बहस होनी है। जैसे ही सीएम भगवंत मान बोलने के लिए खड़े हुए तो उन्होंने स्पीकर कुलतार संधवा को ताला-चाबी का लिफाफा गिफ्ट कर दिया।

सीएम मान ने कहा कि मैं सच बोलूंगा तो विपक्ष भाग जाएगा। इसी बात को लेकर विपक्षी दल नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कड़ा विरोध जताया। सदन में इस बात पर जमकर हंगामा शुरू हो गया। सीएम और बाजवा में जमकर कहासुनी हुई। करीब आधे घंटे तक इन दोनों के बीच बहस होती रही। उसके बाद स्पीकर ने 15 मिनट के लिए सदन स्थगित कर दिया।

बता दें इससे पहले 1 मार्च को सत्र के पहले दिन कांग्रेसी विधायकों ने गवर्नर को बजट भाषण नहीं पढ़ने दिया। इस वजह से गवर्नर ने भाषण की पहली और आखिरी लाइन पढ़कर खत्म कर दिया था। कांग्रेस ने किसान आंदोलन को लेकर पहले दिन जमकर हंगामा किया था।

#### अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई

**तेलंगाना।** तेलंगाना में वानापर्थी जिले में सोमवार तड़के एक कार के सड़क किनारे पेड़ से टकरा जाने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गयी और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना तब हुई जब कार में सवार लोग बल्लारी से हैदराबाद जा रहे थे। इस दौरान कार चालक वाहन पर अपना नियंत्रण खो बैठा और कार जिले के कोथाकोटा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि एक अन्य ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

### पीएम ने 56 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया

# महिला, बुजुर्ग, गांव-शहर सब कह रहे- अबकी बार 400 पार-मोदी

**हैदराबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। आदिलाबाद में उन्होंने एक रैली को संबोधित करते हुए कहा- आज गांव हो या शहर, महिला, बुजुर्ग, युवा हर कोई कह रहा है- अबकी बार 400 पार।

### PM आदिलाबाद में 800 मेगावाट के थर्मल प्लांट का उद्घाटन करेंगे

केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने रविवार (3 मार्च) को कहा कि प्रधानमंत्री आदिलाबाद दौरे के दौरान 6,000 करोड़ रुपए से बने 800 मेगावाट के NTPC थर्मल पावर प्लांट का इनॉगरेशन करेंगे। किशन रेड्डी ने कहा कि PM



मोदी ने पिछले साल अक्टूबर में अपनी निजामाबाद यात्रा के दौरान 800 मेगावाट के थर्मल पावर प्लांट का उद्घाटन किया था। नए थर्मल पावर प्लांट के उद्घाटन के साथ थर्मल पावर प्लांट की कुल क्षमता 1,6000 मेगावाट हो जाएगी।

### तीन दिन में 5 राज्यों में जाएंगे PM मोदी

PM मोदी 4, 5 और 6 राज्यों में कुल 5 राज्यों का दौरा करेंगे। तेलंगाना, तमिलनाडु और ओडिशा के बाद 6 मार्च को वे पश्चिम बंगाल जाएंगे। मोदी कोलकाता में सुबह करीब10ः15 बजे 15,400 करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। कोलकाता के बाद प्रधानमंत्री उसी दिन बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया जाएंगे। बेतिया में दोपहर करीब 3ः30 बजे मोदी 12,800 करोड़ रुपए के कई डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन, लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

इससे पहले PM मोदी 2 दिन के दौरे पर 1 मार्च की दोपहर पश्चिम बंगाल पहुंचे थे। हुगली के आरामबाग में मोदी ने कहा कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मुझे दुश्मन नंबर-1 मानती हैं। आज बंगाल की जनता मुख्यमंत्री दीदी से पूछ रही है- उनके लिए कुछ लोगों का वोट आपके लिए संदेशखाली की पीड़ित महिलाओं से भी ज्यादा हो गया। आपको शर्म आनी चाहिए।

*उन्होंने कहा कि हमारे नेताओं ने लाठियां खाईं, मुसीबत झेली। तब कहीं जाकर बंगाल पुलिस को आपकी ताकत के सामने झुककर उस आरोपी (शेख शाहजहां) को गिरफ्तार करना पड़ा। ये करीब दो महीने फरार रहा। कोई तो होगा, जो उसको बचा रहा होगा। क्या ऐसी टीएमसी को माफ करेंगे। यहां मांओं-बहनों के साथ जो हुआ है, उसका बदला लेंगे। हर चोट का जवाब वोट से देना है।*




### पीएम मोदी की मंत्रियों को नसीहत ..

# बोलें सोच समझकर बोलें, डीपफेक से बचें

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। बैठक में विकसित भारत- 2047 के विजन पर चर्चा की गई। साथ ही अगले पांच सालों के कामों पर मंथन किया गया।



यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल की आखिरी बैठक थी। सूत्रों के अनुसार बैठक के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने केंद्रीय मंत्रियों को कहा कि बोलने में परहेज करें और सोच-समझकर बोलें। पीएम ने डीपफेक से बचने यानि आवाज बदलकर आदि से जो कोशिश की जाती है, उससे सतर्क रहने की बात कही। पीएम ने लगभग एक घंटे तक बात की। पीएम ने कहा कि बोलना है तो योजनाओं पर बोले, विवादित बयानों से बचें। पीएम ने मंत्रियों को ये भी कहा कि चुनाव है, किससे मिल रहे हैं, देखकर मिलें यानि मिलने-जुलने में सोच समझकर मिलें। उनूहोंने शरद पवार और प्रमोद महाजन का एक उदाहरण भी दिया। सूत्रों के मुताबिक एक दिवसीय बैठक के दौरान मई में नई सरकार के गठन के बाद उठाए जाने वाले तत्काल कदमों के लिए 100 दिन के एजेंडे पर विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का रोडमैप दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है और इसे सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग निकायों, नागरिक समाज, वैज्ञानिक के साथ परामर्श करके तैयार किया गया है।

### नोट लेकर सदन में वोट दिया तो मुकदमा चलेगा

# सुप्रीम कोर्ट का सांसदों को कानूनी छूट देने से इनकार, 25 साल पुराना फैसला पलटा

**नई दिल्ली।** रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की कॉन्स्टीट्यूशन बेंच ने सोमवार को 25 साल पुराना फैसला पलट दिया।




CJI डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस ए एस बोपन्ना, एम एम सुंदरेश, पी एस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की कॉन्स्टीट्यूशन बेंच ने कहा- हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं, जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी। 1998 में 5 जजों की कॉन्स्टीट्यूशन बेंच ने 3ः2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है, जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं।

### बेंगलुरु कैफे विस्फोट के पीछे कौन? अब एनआईए करेगी मामले की जांच

**बेंगलुरू।** बेंगलुरु कैफे ब्लास्ट मामले की जांच कर्नाटक सरकार ने राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंप दी है। सूत्रों ने सोमवार को ये जानकारी दी। सूत्रों ने इस बात की भी पुष्टि की है कि एनआईए पहले ही इस मामले में एफआईआर दर्ज कर चुकी है। राज्य पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर एनआईए के अधिकारी पूरे मामले की जांच करेंगे। सूत्रों ने आगे बताया कि राज्य पुलिस की विशेष शाखा सीसीबी द्वारा अब तक के जांच के दस्तावेज और निष्कर्ष मंगलवार तक सौंपे जाएंगे। एनआईए, आरएडब्लू और एनएसजी अधिकारियों ने घटनास्थल का दौरा कर सबूत एकत्रित किए थे।

### केजरीवाल बोले- ईडी का समन गैरकानूनी

# एजेंसी से कहा- 12 मार्च के बाद की तारीख दीजिए, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से पेश हो जाऊंगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली CM अरविंद केजरीवाल ने शराब नीति घोटाला मामले में ED के बार-बार समन भेजे जाने पर सोमवार (4 मार्च) को जवाब दिया। उन्होंने कहा कि ED का समन गैरकानूनी है, पर वे फिर भी जवाब देने को तैयार हैं। केजरीवाल ने एजेंसी से कहा- मुझे 12 मार्च के बाद की तारीख दीजिए। उसके बाद वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश हो जाऊंगा।



*"ये लोग शराब घोटाले की आड़ में गिरफ्तारी करके दिल्ली की सरकार गिराना चाहते हैं। इनकी इतनी कोशिशों के बावजूद हमारा एक भी MLA नहीं टूटा है। हमारे सारे विधायक एकजुट हैं।"*
**अरविंद केजरीवाल**
*दिल्ली के मुख्यमंत्री*

ED ने शराब घोटाला केस में पूछताछ के लिए केजरीवाल को अब तक 8 समन भेजे हैं। हालांकि, केजरीवाल एक बार भी एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए हैं। उन्हें आठवां समन 27 फरवरी को भेजा गया था और 4 मार्च को पेश होने को बुलाया गया।

# सामान्य सभा की बैठक 6 मार्च को

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।



जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल की अध्यक्षता में 6 मार्च को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में सामान्य सभा की बैठक आहूत की जाएगी।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के प्रकरण का बैंक प्राथमिकता से करें निराकरण-सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव

समिति के समक्ष 13 आवेदकों के प्रकरण पाए गए उपयुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सीईओ जिला पंचायत एवं समिति के उपाध्यक्ष जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना 2023-24 के अंतर्गत टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। सीईओ जिला पंचायत यादव ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के उपस्थित हितग्राहियों से व्यापार के कार्ययोजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने सभी बैंकों को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना जैसे हितग्राही मूलक योजनाओं के लोन प्रकरण का प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु आवेदन मंगाये गये थे। प्राप्त 22 आवेदनों में समिति के समक्ष 13 आवेदक उपस्थित हुए, जिनका साक्षात्कार लिया गया। समिति ने इन 13 आवेदकों के प्रकरण बैंक शाखाओं को भेजे जाने के लिए उपयुक्त पाया गया। जिसमें किराना दुकान, फैंसी स्टोर, इलेक्ट्रानिक व इलेक्ट्रीकल स्टोर, कपड़ा दुकान, कम्प्यूटर सर्विस, दोना उद्योग व ब्यूटी पार्लर की इकाईयां स्थापित करने वाले प्रकरण थे।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर महेश पटेल, मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ संजीव सुखदेवे, प्रबंधक जिला अग्रणी बैंक, शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, शाखा प्रबंधक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, जिला रोजगार अधिकारी, प्राचार्य पॉलिटेक्निक कॉलेज, प्राचार्य आईटीआई, मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र उपस्थित रहे।



### योजनान्तर्गत विभिन्न इकाईयों के स्थापना हेतु प्राप्त कर सकते है ऋण

मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना हेतु जिन आवेदकों की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य (अजा/अजजा/अपि वर्ग/महिला/नि:शक्तजन/नक्शल प्रभावित/सेवानिवृत्त सैनिक की आयु में 5 वर्ष की छूट) की पात्रता है। इन योजनाओं के अंतर्गत आवेदन दो प्रतियों में जमा कर सकते है। योजना अंतर्गत अधिकतम स्वीकार्य लागत निर्माण/उद्योग इकाईयों हेतु 25 लाख, सेवा इकाई हेतु 10 लाख एवं व्यवसाय हेतु 2 लाख है। लाभार्थी को न्यूनतम आठवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। उद्योग एवं सेवा परियोजना में स्वीकृत ऋण पर लगने वाला बैंक गारंटी शुल्क तथा आगामी 4 वर्षो के लिए अधिरोपित वार्षिक सेवा शुल्क का भुगतान शासन द्वारा दिया जाएगा। नियमानुसार ब्याज अनुदान एवं मार्जिन मनी अनुदान देय होगा। कोई भी व्यक्ति अथवा उनके परिवार के सदस्य जो पूर्व में भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के अंतर्गत अनुदान प्राप्त कर लाभान्वित हुआ है इस योजना में पात्रता नहीं होगी।

## एक नजर

### किकबाक्सिंग के खिलाड़ी मेरठ में दिखाएंगे रिंग में दांव -पेंच

**कोरबा** । एसोसिएशन आफइंडियन यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में पांच से 10 मार्च 2024 तक स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ में आयोजित आल इंडिया यूनिवर्सिटी किकबाक्सिंग प्रतियोगिता के लिए अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय बिलासपुर के चयनित खिलाड़ी रवाना हुए। खिलाड़ियों की रवानगी के पूर्व विश्वविद्यालय प्रबंधन ने उन्हें ट्रेकसुट आदि प्रदाय कर प्रोत्साहित किया।

सभी खिलाड़ियों का चयन शासकीय ई. वि. स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोरबा ने सीएमए किकबाक्सिंग एकेडमी में आयोजित इंटर कालेज किकबाक्सिंग स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है।विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स डायरेक्टर प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों के महिला पुरुष खिलाड़ी विभिन्न वजन वर्गो में प्वाइंट फाइटिंग, किक लाइट, लो किक एवं फुल कांटेक्ट इवेंट्स में टीम मैनेजर जुनैद आलम, कोच रघुनाथ नायक व पूजा पांडेय के साथ हिस्सा लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रवाना हुए हैं। छत्तीसगढ़ किकबाक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन लाल मुंदड़ा एवं कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा ने बताया कि आल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में टेक्निकल आफिशियल के लिए वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के देश भर के तकनीकी अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है।

### पीईटी एवं पीएमटी कोचिंग केन्द्र कारली एवं बालूद में कक्षा 9वीं में प्रवेश परीक्षा

**दंतेवाड़ा** । दंतेवाड़ा जिले में संचालित पीईटी एवं पीएमटी कोचिंग केन्द्र कारली एवं बालूद कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा का आयोजन किया जाना है। परीक्षा आयोजन हेतु जिले में संचालित परीक्षा केन्द्र 'छू लो आसमान' कन्या आवासीय परिसर कारली एवं बालक आवासीय परिसर बालूद में 22 मार्च 2024 को कराया जावेगा। उक्त संबंध में समस्त प्रधानाध्यापक माध्यमिक शाला प्राचार्य हाई, हायर सेकेण्डरी स्कूलों में वर्ष 2023-24 में कक्षा 9वीं में अध्ययनरत छात्र,छात्राओं से आवेदन फार्म भरवा कर प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित कराना सुनिश्चित करें। जिले के चारो विकासखण्ड शिक्षा कार्यालय एवं छूलो आसमान कारली एवं बालूद में परीक्षा फार्म उपलब्ध है। फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 मार्च 2024 समय 5 बजे तक कारली एवं बालूद में जमा कर प्रवेश पत्र प्राप्त करे। परीक्षा 22 मार्च 2024 दिन शुक्रवार समय 11 बजे से 02रू00 तक आयोजित किया जायेगा।

### अग्निवीर भर्ती के लिए 7 और 8 मार्च को सभी ब्लॉक मुख्यालयों विशेष शिविर पंजीयन का आयोजन

**दंतेवाड़ा** । जिला प्रशासन दंतेवाड़ा की पहल के माध्यम से दंतेवाड़ा के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए 7 और 8 मार्च को सभी ब्लॉक मुख्यालयों के खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों एवं दंतेवाड़ा के लक्ष्य कोचिंग सेंटर मे विशेष पंजीयन शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमे साढ़े 17 से 21 वर्ष के 8,10,12वी पास युवा जिनकी ऊचाई 162 सेमी (अनु. ज.जा.),168 सेमी (सामान्य ) है वे सभी अपना आधार कार्ड, 10वी, 12 वीं की अंकसूची, फोटो, ईमेल पक एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर के साथ शिविर स्थल पर आ सकते हैं।

### सतरंगी सभा में शामिल हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी

कुम्हाररास नयापारा देवगुड़ी में किया गया आयोजन

**दंतेवाड़ा** । ग्राम पंचायत कुम्हाररास नयापारा स्थित देवगुड़ी में सतरंगी सभा का आयोजन किया गया, सतरंगी सभा मे कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी उपस्थित हुए व ग्रामीणों से स्वास्थ्य, पोषण, व ग्रामीणों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बारे में चर्चा कर, समस्याओं को दूर करने की बात कही, साथ ही ग्रामीणों को युवोदय वालंटियर के माध्यम से सीधे अपने तक समस्याओं को पहुंचाने की बात भी कहा गया। सतरंगी सभा मे बापी श्रीमती मंजू कश्यप और युवोदय वॉलिंटियर द्वारा, गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं, किशोरी बालिकाओं एवं अन्य ग्रामीण समुदाय को, पोषण आहार, 4 अनिवार्य एएनसी जांच, संस्थागत प्रसव, बच्चे के जन्म के 1 घंटे के भीतर माँ का पहला पीला गाढ़ा दूध के सेवन, कंगारु मदर केयर के बारे में जानकारी देते हुए, नियमित टिके और आयरन कैल्शियम की गोली के नियमित सेवन के लिए प्रेरित किया गया। प्रसव से पहले डॉक्टर एवं मितानिन दीदी की दी हुई सभी सलाह का पालन करने एवं पोषक आहार के नियमित सेवन के लिए भी प्रेरित किया गया।

### विधायक चैतराम अटामी ने किया स्विमिंग पूल का शुभारंभ

**दंतेवाड़ा** । दंतेवाड़ा जिला मुख्यालय के ओल्ड सर्किट हाउस स्थित स्विमिंग पुल रिनोवेशन के बाद आम जनता और छात्र-छात्राओं के लिए ओपन कर दिया गया है। शनिवार को स्थानीय विधायक श्री चैतराम अटामी के द्वारा उक्त स्विमिंग पुल का सत्र 2024-25 के लिए शुभारंभ किया गया। ताकि तैराकी स्पर्धा में में नई प्रतिभाएं आगे आ सकें। जिसमें तैराकी शरीर को स्वस्थ रखने के लिए एक बेहतर माध्यम होता है। कोई भी व्यक्ति नगर पालिका दंतेवाड़ा में पंजीयन करवा के स्विमिंग पूल का सदस्यता ले सकते हैं। इसमें छात्र-छात्राओं के लिए सदस्यता शुल्क रियायती दर पर रखी गई है।

## लोग नगरी किरंदुल एन एम डी सी परियोजना में राजभाषा पत्रिका सर्जना का विमोचन



**किरंदुल बचेली।** किरंदुल परियोजना विद्यालय के सभागार में आयोजित उत्पादकता सप्ताह समापन समारोह में सर्जना राजभाषा वार्षिक पत्रिका का विमोचन हुआ । मुख्य अतिथि पद्मनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख के करकमलो से सर्जना का विमोचन किया गया। इस दौरान संजय पाटील, सहा.महाप्रबंधक (राजभाषा) ने वार्षिक पत्रिका सर्जना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजभाषा अनुभाग परियोजना में अपने कर्मचारियों की लेखन को निखारने हेतु पत्रिका का प्रकाशन कर रहा है, जिसमें कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के लेखन को बढ़ावा दिया जा रहा है। सर्व कार्यकारी अधिकारी (राजभाषा) एवं उप (कार्मिक) बीके माधव ने परियोजना में राजभाषा प्रसार में सर्जना को महत्व पूर्ण कड़ी बताया। मुख्य अतिथि नाईक ने सर्जना सृजनशीलता एवं संपादकीय कौशल की सराहना करते हुए परियोजना में राजभाषा कार्यान्वयन में पत्रिका की प्रभावी भूमिका को बताया।

उत्पादकत सप्ताह के दौरान मुख्य व विशिष्ट अतिथियों ने भी संबोधित किया।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मृणालिनी नाईक, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति, सर्वश्री आर.राजाकुमार, महाप्रबंधक (उत्पादन), एम.सुब्रमण्यन, महाप्रबंधक (विद्युत), एस.के.कोचर, महाप्रबंधक (खनन), राजेश संधू,सचिव, एसकेएमएस, उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सभी विभागाध्यक्ष, कार्मिक विभाग के अनुभाग के कर्मचारी, औद्योगिक अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद का हुआ आयोजन



**दंतेवाड़ा** । अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद का आयोजन ग्राम पंचायत बालूद के खेल मैदान पर जिला प्रशासन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा खंड शिक्षा विभाग के माध्यम से किया गया। खेल का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों के द्वारा माई दंतेश्वरी एवं माता छत्तीसगढ़ महतारी के श्री चित्र पर पूजा अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जनपद पंचायत दंतेवाड़ा अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में जनपद पंचायत दंतेवाड़ा उपाध्यक्ष श्री जयदयाल नागेश जी जिला पंचायत दंतेवाड़ा सदस्य श्री रामूराम नेताम जी सदस्य श्रीमती ओजस्वी भीमा मंडावी जी प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ भाजपा श्रीमती पायल गुप्ता जी अध्यक्ष नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा श्री कुणाल ठाकुर जी जनपद सदस्य दंतेवाड़ा श्री कुलदीप सिंह ठाकुर जी पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत दंतेवाड़ा श्री मुकेश शर्मा उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला इकाई दंतेवाड़ा सरपंच ग्राम पंचायत चीतालुर, श्रीमती रेशमा यादव जी पंच ग्राम पंचायत बालूद एवं गणमान्य नागरिकों एवं विभाग के कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ आयोजन के अंत में विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों के द्वारा पुरस्कृत कर इस आयोजन का समापन किया गया।

रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल का नाम सुनते ही सांप सूंघ गया.

## मंत्री टंकराम वर्मा का कांग्रेस पर तंज, कहा- कोई लड़ने को तैयार नहीं है



**रायपुर.** कांग्रेस प्रत्याशियों की लिस्ट अब तक जारी नहीं होने लेकर मंत्री टंकराम वर्मा ने कांग्रेस पर तंज कसा है. उन्होंन कहा है कि कांग्रेस के पास कोई प्रत्याशी नहीं है.

कोई लड़ने के लिए तैयार ही नहीं है. धर पकड़ के प्रत्याशियों को लाया जा रहा है. रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल का नाम सुनते ही सांप सूंघ गया है. कोई लड़ने वाला तैयार नहीं है. भारतीय जनता पार्टी की स्थिति इतनी मजबूत है कि इस बार 400 का आंकड़ा पार होगा. लोगों में उत्साह है. कार्यकर्ताओं में उत्साह है. हमारे देश के प्रधानमंत्री हैं लेकिन विश्व के लोकप्रिय नेता हैं. आज पूरा देश उनके तरफ निगाहें करके बैठा है. इस बार रायपुर लोकसभा रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीतेंगे. महतारी वंदन योजना को लेकर पूर्व सीएम के बयान पर मंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी को धरातल पर लाने के लिए हमारे प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पूरी व्यवस्था कर ली है. भूपेश बघेल जैसे कोई धोखा नहीं है. महतारियों को, हमारी बहनों को महतारी वंदन योजना का लाभ पूरा मिलेगा. 7 मार्च को महतारी वंदन योजना की राशि और किसानों की जो अंतर राशि है वो 12 मार्च को मिलेगी. कहीं कोई किसी के साथ कोई धोखा नहीं है. भाजपा जो कहती है वो करती है. भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर मंत्री ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे पहले अपने आप को जोड़ लें. भारत भूमि से अपने आप को जोड़ लें. उसके बाद फिर वह देश को जोड़ें. जो अपने आप को जोड़ नहीं पाए वो देश को क्या जोड़ेंगे. महंगाई की क्या बात करेंगे. हमारी सरकार आते ही बेरोजगारो के लिए कितनी सरकारी भर्तियां निकाल दी. वैकेंसी निकल दी. यहां पर स्वस्थ और बहुत अच्छा काम होगा आप देखते रहिए.

## 40 मिलियन टन का आंकड़ा पार करने वाली भारत की पहली लौह खनन कंपनी एनएमडीसी

**किरंदुल बचेली।** भारत के सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक ने फरवरी, 2024 में अबतक के सर्वश्रेष्ठ संचयी आँकड़े प्राप्त किए। एनएमडीसी ने फरवरी, 2024 में लौह अयस्क का 3.92 मिलियन टन उत्पादन किया और 3.99 मिलियन टन की बिक्रीकी, जिससे वित्तवर्ष 24 के 11 महीनों में संचयी उत्पादन 40.24 मिलियन टन और संचयी बिक्री 40.48 मिलियन टन तक पहुँच गई है। एनएमडीसी का फरवरी, 2024 में बिक्री प्रदर्शन कंपनी की स्थापना के बाद से अबतक फरवरी माह का सर्वश्रेष्ठ



बिक्री प्रदर्शन है। 3.99 मिलियन टन की बिक्री फरवरी, 2023 में लौह अयस्क की बिक्री से 6 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने फरवरी, 2024 तक गत वर्ष की इसी अवधि की तुलना में संचयी उत्पादन में 13 प्रतिशत और संचयी बिक्री में 21 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है। कंपनी के इतिहास में अपनी अब तक की 11 महीने की अवधि की सबसे अधिक लौह अयस्क मात्र को प्राप्त करते हुए, एनएमडीसी वित्तवर्ष 24 में नए प्रतिमान स्थापित करने के लिए तैयार है। अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) ने इस प्रदर्शन के लिए अपनी टीम को बधाई देते हुए कहा, 40 मिलियन टन का आंकड़ा पार करने वाली भारत की पहली खनन कंपनी और लगातार तीन बार इस मील के पत्थर को हासिल करते हुए हम वित्तवर्ष 24 में लौह अयस्क आंकड़ों की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए तैयार हैं। एनएमडीसी के विकास का पूरी अर्थव्यवस्था में कई गुना प्रभाव पड़ता है। उत्पादन क्षमताओं को बढ़ाकर, आपूर्ति श्रृंखलाकी विश्वसनीयता को बढ़ाकर और एनएमडीसी 2.0 में परिवर्तन के द्वारा इस विकास को बढ़ाने के लिए हम स्वयं को रणनीतिक रूप से तैयार कर रहे हैं।

## सायबर सेल राजनांदगांव के द्वारा मोबाईल धारको को लौटाया गया




**राजनादगांव।** पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस राजनांदगांव के द्वारा मोबाईल धारको के गुम मोबाईल के तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत गुम हुए 25 नग मोबाईल कीमती 375000 रूपये को तकनिकी सहायता के माध्यम से ढुढकर आज दिनांक 04.03.2024 को मोबाईल धारको को लौटाया गया। पुलिस की कार्यवाही से मोबाईल धारको को उनका मोबाईल मिल जाने से सभी ने खुशी जाहिर करते हुए थाना कोतवाली पुलिस राजनांदगांव टीम को धन्यवाद दिया गया। आगे भी गुम मोबाईल की पता तलाश निरंतर जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में म0आर0 रानू दुबे आर0 भवानी थनापति (सीसीटीएनएस आपरेटर थाना कोतवाली राजनांदगांव) एवं आर0 रूपेन्द्र वर्मा की सराहनीय भूमिका रही।



## नगदी रकम 54530 रूपये, 02 नग मोबाईल एवं 02 मोटर सायकल किया गया जप्त




**राजनादगांव।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री अमित पटेल राजनादगांव के मार्गदर्शन मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असमाजिक तत्वों एवं जुआरियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 03.03.2024 को रात्रि में मुखबीर की सूचना पर थाना कोतवाली पुलिस एवं सायबर सेल राजनांदगांव के सयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल नया बस स्टैण्ड के पास स्थित मोती तालाब के पास घेराबंदी कर पकडे नाम पता पूछने पर 01. दिनेश यादव पिता राम छबिलाल यादव उम्र 31 वर्ष साकिन मोती तालाब पारा गुरूनानक चौक बैला पसरा राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) 02. गेंदलाल साहू पिता गोपाल राम साहू उम्र 30 वर्ष साकिन बरगाही वार्ड नं. 12 थाना लालबाग राजनांदगॉव (छ0ग0) 03. सूरज सिन्हा पिता घनश्याम सिन्हा उम्र 24 वर्ष साकिन संतोषी नगर मुरूम खदान लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) 04. अभय पिता गणेश प्रसाद उम्र 40 वर्ष साकिन सोसायटी गली बल्देवबाग राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगॉव (छ0ग0) बताये जिनके कब्जे से 52 पत्ती ताश व नगदी रकम 54,530 रूपये 03 नग मोबाईल दो मोटर सायकल जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत अपराध सबुत पाये जाने से अप0 क्र0 150/24 धारा छत्तीसगढ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा 3(2) कायम किया गया। आगे भी असमाजिक तत्वों एवं जुआरियो के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।

उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक जितेंद्र वर्मा साइबर सेल, प्र0आर0 जी0 सिरिल, दीपक जायसवाल, अरूण कौमार्य आरक्षक अविनाश झा, विष्णु साहू, लिलेन्द्र पटेल एवं सायबर सेल राजनांदगॉव स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# सीएमएचओ डॉ. निराला ने भटगांव स्कूल में स्वास्थ्य के प्रति बच्चों को जागरूक किया

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश पर जिले के विकासखंड बिलाईगढ़ के शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला भटगांव में जिले एवं विकासखंड के चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्था के प्रधान पाठक तुलसी बाई मनहरे ने चर्चा में उपस्थित जिलाए तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भटगांव के डॉक्टरों एवं कर्मियो का परिचय देते हुए स्वागत उद्बोधन दिया। जिला के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एफ आर निराला ने स्वास्थ्य जागरूकता के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि स्कूल के बच्चो में रक्त अल्पता मतलब खून की कमी होने की सर्वे रिपोर्ट है, जिसमे 6 माह से 5 वर्ष के बच्चेए 6 वर्ष के 10 वर्ष तक के बच्चो में खून की कमी और 10 वर्ष से 19 वर्ष तक के स्कूली छात्र-छात्राओं में रक्त अल्पता देखी गई। रक्त अल्पता के कारण अनेक है जिसमे एक है भोज्य पदार्थ में आयरन की कमी। आयरन की कमी से शरीर की विकास बाधित होता है दिमाग में कमी, सोचनेए सीखने की क्षमता कम होता है। याददाश्त में कमी, दिमाग एकाग्र नहीं हो पाने से स्कूल के बच्चो की रिजल्ट प्रभावित होता है। कुछ बच्चो में संतुलित आहार नही मिलने से भी विटामिन की कमी से बीमारियां होता है। इस कारण संतुलित आहार पर जोर दिया गया। कुछ बच्चो में सिकलसेल नामक बीमारी होता है। ये आनुवांशिक बीमारी है जो माता पिता से बच्चों में ट्रांसफ र होता है। इस कारण शासन के आदेशानुसार 0 से 40 वर्ष तक के सभी लोगो की सिकल सेल की जांच अभियान की जा रही हैए जिसमे आगे चल कर इनकी उपचार की प्रबंधन हो सकी वही दूसरी ओर शादी के समय काउंसलिंग कर सिकलसेल की बीमारी को पीढ़ी दर पीढ़ी होने से बचाया जा सकता है। शादी के समय कुंडली मिलान के अलावा सिकलसेल की जांच रिपोर्ट की भी मिलान करने की रिवाज को बढ़ावा दिए जाने की जरूरत है। इसमें समाज प्रमुखों की भी भूमिका है। एनीमिया या रक्त अल्पता की कमी को संतुलित आहार एपौष्टिक आहार फ ल सब्जी भाजी के उपयोग के अलावा आयरन गोली की पूरक आहार लेने से भी पूरा किया जा सकता है। 6 माह से 5 वर्ष के बच्चे को आयरन सिरप के रूप में दी जाती है। 6 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चे को आयरन की गोली जो पिंक रंग की होती है। जबकि 10 वर्ष के उपर 19 वर्ष तक के बच्चो को ब्लू रंग की गोली दी जाती है। गोली को सप्ताह में एक बार मंगलवार को ही स्कूल में दी जाती है, जबकि आयरन सिरप की एक एक शीशी दवाई प्रत्येक बच्चो को शिशु संरक्षण माह जो अभी चल रही है, में दी जाती है जिसे 6 माह तक सप्ताह में 2 दिन मंगलवार और शुक्रवार को पिलाई जाती है। माता पिता को काउंसलिंग करके दी जाती है। छोटे बच्चे की दवाई को चेक करने की जिम्मेदारी मितानिन को दी गई, जबकि स्कूल के बच्चे को गोली खिलाने की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी है। आयरन गोली खाने से कोई साइड इफेक्ट नही होती बल्कि आयरन की कमी को पूरा करता है और बच्चे की फि जिकल और मेंटल ग्रोथ को बढ़ाता है। बच्चो के पलको से भी आग्रह है की स्कूलों में आयरन गोली की सेवन कराने में अच्छे वातारण बनाने में सहयोग करे। बच्चो में आयरन डिफि शिएंसी एनीमिया के लिए कृमि रोग भी एक कारण होता है। आंगनबाड़ी एवम स्कूल के बच्चो में कृमि रोग ज्यादा देखा जाता है। कृमि रोग होने के कारण भी बच्चो की विकास बाधित होता है क्योंकि कृमि बच्चे के पोशक तत्व को ग्रहण कर लेता है जिसके कारण बच्चे कमजोर हो जाते है उन्हे थकान होता है। दौड़ने,खेलने में सांस फू लने लगता हैए चक्कर आता है सिर दर्द, पेट दर्द होता है आदि। कृमि रोग की खात्मा के लिए बच्चों को वर्ष में दो बार 10 अगस्त और 10 फ रवरी को एनडीडी मनाते हुए कृमि नाशक गोली सभी बच्चों को दी जाती है। सर्वे में 61 प्रतिशत बालिकाओं में एवं 31 प्रतिशत बालकों में इस प्रकार औसत 46 प्रतिशत विद्यार्थियों में खून की कमी पाई गई है। यही नहीं गर्भवती महिला ,पोषक महिला अन्य महिलाओं को भी एनीमिया ज्यादा मात्रा है इसकी कमी को हम पोस्टिक आहार, खाना बनाने की सही विधि,खाने में मौसमी फ लों को शामिल करते हुए आयरन गोली का सेवन जरूर करे हमें अपनी भोजन में दूध को शामिल कर कैल्शियम की कमी को दूर कर सकते है तथा तीन पेड़ पपीताए मूंनगा तथा केला को घर में लगा कर सेवन करने से भी मदद मिलता है। महिलाओं को होने वाले मासिक धर्म भी एनीमिया का एक कारण है। इससे महिलाओं में एनीमिया की दर बढ़ जाती है। अत: महिलाओं को विशेष सतर्क व सावधान रहते हुए आयरन गोली और कैल्शियम की नियमित सेवन से मदद मिलती है। आयुष्मान भारत योजना में सभी स्वस्थ रहे इस कारण आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना की गई हैए जहां स्वास्थ्य अधिकारी नियमित रूप से योगा, मेडिटेशन कसरत,खेलकूद के बारे में सिखाती है। लोग बीमार न हो। इसके लिए मदद करता है जबकि बीमारी हो जाने की स्थिति में सभी व्यक्तियों के लिए सरकार आयुष्मान कार्ड बना रहा है जो बीमार हो जाने की स्थिति में आयुष्मान कार्ड से फ्री में उपचार की व्यवस्था सभी सरकारी व प्राइवेट अस्पताल जो इन्पेनल होती है वहा व्यवस्था रहता है। इस कारण बच्चे सहित सभी वयस्क लोगों की भी आयुष्मान कार्ड होनी चाहिए जिनका नही बना है वे अपनी निकट के चॉइस सेंटर में जाकर बनवा सकते है। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज राशन कार्ड,आधार कार्ड और मोबाइल नंबर की जरूरत होता है। तंबाखू गुटखा के नुकसान के बारे में बच्चो को बताया गया। वे इससे दूर रहे जबकि घर में उसके बड़े बुजुर्गो को भी इससे दूर रखने में बच्चे सहयोग करे। तम्बाकू के दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया कि इसमें 99 प्रतिशत जहरीली पदार्थ होता हैए जिससे इसके सेवन से कैंसर होने की संभावना बढ़ जाती है। शैक्षणिक परिसरों को तम्बाकू मुक्त क्षेत्र घोषित किया जाना है तथा युवाओं को तम्बाकू से दूर रहने का आह्वान किया। स्कूल में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा सिकलिंग जांच की शिविर भी आयोजित था।

जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपना अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया तथा सिकलिंग का जांच करवाया। इस अवसर पर बालवाड़ी ब्लॉक नोडल संजीव, शाला के प्रधान पाठक तुलसी मनहरे शिक्षिका पार्वती वैष्णव, शिक्षक फिरत राम कैवर्त,संकुल समन्वयक विजय साहू, जसवंत कुमार भास्कर, राम लाल चंद्रा, अनिता निराला, धनेश नारंग, हिमा नवरंग, बेबी सिदार,शिव चौहान, नूतन ज्योति, स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कर्मी लीला ध्रुव सुपरवाइजर, चंद्रकला जायसवाल एएनएम,घनश्याम जायसवाल ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के पत्रकार बंधु राजू निराला, गुरुदेश्वर यादव मोनू,एवं सैकड़ो की संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## एक नजर

### कलेक्टर साहू ने नागरिकों के समस्या निराकरण के लिए अधिकारियो को निर्देश दिए

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट कक्ष में जिले के नागरिकों की समस्या से अवगत हुए और उन समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियो को निर्देश दिए। कलेक्टर साहू ने आवेदकों की समस्या को अच्छे से सुने। इन आवेदनों में अवैध कब्जा, अवैध तोड़फ ोड़, पिता को जमीन बिक्री रोकने पुत्र द्वारा अड़चन पैदा करना, पेंशन, पीएम आवास, सीसी रोड और नाली निर्माण, श्रम विभाग द्वारा हितग्राहियों के आवेदन को बिना सत्यापन किए निरस्त करने के विरुद्ध आवेदन प्राप्त हुए।

### कलेक्टर साहू और एसपी शर्मा ने लोकसभा चुनाव व्यवस्था हेतु किया स्थल निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और एसपी पुष्कर शर्मा ने लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर मंडी परिसर सारंगढ़ का निरीक्षण किया। कलेक्टर साहू और एसपी शर्मा ने तीन बड़े हाल, सामग्री वितरण, अन्य निर्वाचन सामग्री के रिकार्ड रूम हेतु हाल, मतगणना के दिन सुरक्षा के तीन स्तर पर बेरिकेटिंग,अधिकारी कर्मचारी, पॉलिटिकल पार्टी के कार्यकर्ताओं, पत्रकारों के आने जाने, जनरेटर, विद्युत, पेयजल आदि के संबंध में अधिकारियो के साथ मंडी परिसर के सभी स्थल का भौतिक निरीक्षण किए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा ने जिले के मतदान केंद्रों, विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर और एसपी को जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ स्निग्धा तिवारी, डीएसपी मनीष कुंवर, तहसीलदार आयुष तिवारी, रूपाली मेश्राम, कोमल साहू, एसडीओ पीडब्ल्यूडी विग्नेश कुमार, नगरपालिका सारंगढ़ के इंजीनियर उत्तम कंवर, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिकिशन डनसेना आदि उपस्थित थे।

### छात्रों ने किया प्रतिभा प्रदर्शनविज्ञान के कठिन चलित मॉडल, रंगोली बनाकर विज्ञान का महत्व समझाया

**कोरबा** । कोरबा स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय सलोरा कोरबा में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यालय के सभागार में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय की प्राचार्या सुश्री शांति मोहंती थी,कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुई तत्पश्चात महान वैज्ञानिक डॉक्टर सी वी रमन के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के भौतिक विज्ञान शिक्षक लोकचंद सोनटके द्वारा मुख्य अतिथि प्राचार्या का स्वागत पुष्प गुच्छ द्वारा किया गया तत्पश्चात विज्ञान विषय के महत्व के बारे में विद्यालय के छात्र मास्टर मुकेश कुमार, अनोखी तथा छात्रा तानवी सोनटके द्वारा विज्ञान दिवस के मनाए जाने विषय पर प्रकाश डाला गया।

इस दौरान विद्यालय के रसायन विज्ञान शिक्षक व प्रदर्शनी को कोऑर्डिनेटर संतोष चैरसिया ने इस प्रदर्शनी के आयोजन एवं संबंधित विभिन्न मॉडलों के ऊपर प्रकाश डाला और बताया कि यह प्रदर्शनी में बने मॉडल मुख्य रूप से छोटे-छोटे दैनिक उपयोग से बनी सामग्री व विज्ञान विषय के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित है इसका मुख्य उद्देश्य विज्ञान विषय को रोचक और मजेदार बनाना है इस प्रदर्शनी में कुल छात्र छात्राओं द्वारा 34 माडल बनाए गए थे जिसमें से 10 मॉडल कक्षा छठी द्वारा ,11 मॉडल कक्षा सातवीं द्वारा, 13 मॉडल 8वी के द्वारा बनाया गया था। इसी कार्यक्रम में 45 पोस्टर कक्षा 9वी द्वारा बनाया गया था यह सभी मॉडल विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित थे। चैरसिया ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य आयोजन बच्चों के अंदर से विज्ञान विषय के डर को कम कर उनके ज्ञान के स्तर को बढ़ाना है ताकि विद्यालय ताकि विद्यार्थी इसे रोचक विषय के रूप में ले सके।

# श्रम वैन पहुंचा ग्राम पंचायत बंदरचुआं एव बेमताटोली,151 श्रमिकों का किया गया पंजीयन

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



विगत दिनों मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने ग्राम बगिया से श्रम वैन का झंडी दिखाकर किया रवाना किया था। श्रमिक वैन जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर श्रमिकों की पंजीयन करेगी। जिससे अधिक से अधिक श्रमिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने में सहयोग प्राप्त होगा। इसी कड़ी में श्रम वैन ग्राम पंचायत बंदरचुआ और बेमताटोली पहुंचा। श्रमिक वैन जिला प्रशासन द्वारा संचालित किया जा रहा है। जहां 151 श्रमिकों का पंजीयन किया गया।




उल्लेखनीय है कि श्रम वैन के माध्यम से जिला-जशपुर के विभिन्न ग्राम पंचायतों में निवासरत असंगठित श्रमिक जिनकी आयु 18 से 59 वर्ष है। जैसे धोबी, दर्जी, माली, मोची, नाई, फुटकर सब्जी, फल-फूल विक्रेता, फेरी लगाने वाला, मोटर सायकल,सायकल मरम्मत करने वाले, वनोपज में लगे मजदूर, खेतीहार मजदूर, राउत, चरवाहा, दूध दूहने वाले, मितानिन, एवं रसोईया आदि तथा निर्माणी श्रमिक जो कि भवन एवं अन्य सन्निर्माण में कार्य करते है जैसे-रेजा, कुली,राजमिस्त्री, बढई, पोताई करने वाले पेंटर, बांध, पुल, ईट भट्टा, खपरा, प्लाई ऐश, टाईल्स मजदूर, बंसोड, रेत या गिट्टी मजदूर कुम्हार एवं सड़क या किसी भी भवन सन्निर्माण प्रक्रिया में नियोजन में लगे कर्मकार इत्यादि का पंजीयन श्रमिक वैन के माध्यम से किया जावेग तथा पंजीयन के 03 माह पश्चात् उन्हें छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा।

जिला न्यायालय व पुलिस विभाग की सामूहिक मंथन

# मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में हुई चर्चा अब तेजी से मिलेगा न्याय





**बिलासपुर** । पीड़ित को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए वारंट, नोटिस और समंस को साफ्टवेयर के माध्यम से जल्द संबंधित तक पहुंचाया जाएगा। इस संबंध में रविवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान साफ्टवेयर की उपयोगिता और कार्यप्रणाली के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही इसके उपयोग पर चर्चा की गई। सर्वोच्य न्यायालय के ई-कमेटी की ओर से एनएसटीईपी (नेशनल सर्विस एंड ट्रेकिंग आफ इलेक्ट्रानिक प्रोसेस) साफ्टवेयर डिजाइन की गई है। इसके माध्यम से न्यायालय से जारी होने वाले समंस, नोटिस और वारंट को संबंधित तक इलेक्ट्रानिक मोड में पहुंचाया जाता है। रविवार को आयोजित कार्यशाला में इस साफ्टवेयर के उपयोगिता पर चर्चा की गई। पीड़ितों को त्वरित न्याय प्रदान करने की दिशा में इस साफ्टवेयर के माध्यम से पुलिस विभाग की ओर से समंस, नोटिस और वारंट की तामिली कराई जाएगी। इससे न्यायालय में लंबित प्रकरण में कमी आएगी, साथ ही मामलों को जल्द निपटारा में मदद मिलेगी। अब तक जिला न्यायालय में साफ्टवेयर का उपयोग सिविल प्रकरण से संबंधित समंस, वारंट और नोटिस तामिल कराने किया जा रहा है।

भविष्य में इसका उपयोग अपराधिक मामलों में पुलिस के माध्यम से कराया जाएगा। इसके लिए पुलिस के अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला के माध्यम से इस साफ्टवेयर का उपयोग जल्द शुरू करने जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में जिला न्यायालय के न्यायाधीश रमाशंकर प्रसाद, पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी, हाई कोर्ट के तकनीकी कर्मचारी, जिला न्यायालय के तकनीकी कर्मचारी मौजूद रहे।

# जल बचाओ संरक्षण के लिए जैन समाज ने प्रचार रथ का उद्घाटन किया

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

4 मार्च को जैन समाज के द्वारा जल बचाओ व जल पूर्ति के लिए प्रचार रथ के रूप में उद्घाटन किया गया इस अद्वितीय पहल के तहत, भारतीय जैन संघटना ने जल संरक्षण के मामले में अपना समर्पण दिखाया है और लोगों को जल संतुलन की महत्वपूर्णता समझाने के लिए प्रचार रथ का उद्घाटन किया है।




प्रचार रथ जिले के सभी क्षेत्रों में घूमकर लोगों को जल संरक्षण के लाभों और तालाबों के पुनर्जीवन करने में सफल होंगे और पानी की आने वाली विकत समस्या से कैसे बचा जा सकता हैं इन उपायों के साथ अवगत कराएगा। इसके माध्यम से भारतीय जैन संघटना ने जनसमर्थन बढ़ाने का निर्णय किया है और जल संरक्षण को लेकर जागरूकता फैलाने का कार्य किया है। उद्घाटन समारोह में हरि कृष्ण जोशी अतिरिक्त मुख्य कार्य पालन अधिकारी, अविनाश मिश्रा अयुक्त नगर निगम मानवेंद्र दफ तरी जिला अध्यक्ष, हर्षवर्धन बाघमार जिला सचिव मनोज लुंकड़ राज्य अध्यक्ष, हंस राज कोठारी, शंभू गुप्ता, संपत, विजय कांकरिया अभय भंसाली,संजय सिंधी,कन्हैया लाल, नमन लोढा, गौतम,जैन, ताराचंद, पारख, रोमिल, विकास गोलछा,वैभव गोलछा, जितेंद्र गोलछा, लीलेश,गौतम, प्रकाश संकल्आ, राजेन्द्र पारख मंजू कोठारी,दिव्या सुशीला, सम्मिलित हुए। उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी अधिकारी और संगठन के सदस्यों ने इस महत्वपूर्ण कदम की सराहना की और उन्होंने यह भी विशेषकर बताया कि कैसे इस पहल से जनता को सशक्त बनाया जा सकता है। प्रचार रथ के माध्यम से लोगों को न केवल जल संरक्षण के लाभों के बारे में जानकारी मिलेगी। बल्कि उन्हें इसे अपनी दिनचर्या में कैसे शामिल कर सकते हैं, यह भी सिखाया जाएगा। इस अद्भुत पहल के माध्यम से भारतीय जैन संघटना ने सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक नया कदम उठाया है और इस तेजी से बढ़ते हुए शहरीकरण एवं घटते हुए भू जल लेवल की समस्या का एक मात्र प्राकृतिक उपाय है। पुरे भारत में 100 जिले को जल समृद्ध वाले जिलों की श्रृंगारी सूची में छत्तीसगढ़ के 7 जिले भी शामिल किया है। यह पहल न सिर्फ जल संरक्षण में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। बल्कि जनता को भी साकारात्मकता की दिशा में प्रेरित करेगी। भारतीय जैन संघटना का यह कार्यक्रम एक नये आधुनिक भविष्य की ओर कदम बढ़ाने का संकल्प है।

# राजस्व प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करें कलेक्टर -धर्मेश कुमार साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।





कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के राजस्व अधिकारियों की बैठक लिया। कलेक्टर ने बैठक की शुरूआत में जिले में कार्यरत राजस्व अधिकारियों, तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक पटवारी की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों की त्वरित निराकरण करें। रिकार्ड दुरूस्ती 24 घंटे में हो। राजस्व निरीक्षक आरआई, अपने अधीनस्थ पटवारी के ऑनलाइन और उनके पास कार्यालयीन भौतिक दस्तावेज रिकार्ड को दुरूस्त कराएं। कलेक्टर साहू ने कहा कि किसी भी राजस्व प्रकरण में आवश्यकतानुसार ही पेशी की तारीख दें। उन्होंने कहा कि ऐसे अधिकारी जो अधीनस्थ न्यायालय की जांच करते हैं वे जांच सही हो। जांच ऐसी होनी चाहिए कि जिससे व्यवस्था में सुधार हो। कलेक्टर साहू ने बैठक में सीमांकन, बटांकन, जाति, निवास, आय, अविवादित खाता विभाजन, विवादित खाता विभाजन, अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, डिजिटल हस्ताक्षर, अभिलेख शुद्धता, छुटे हुए खसरा,नक्शा विहीन खसरा, खसरा विहीन नक्शा, संयुक्त खातादार आदि के संबंध में अधिकारियों से चर्चा किए और निर्देश दिए कि सभी कार्य में आज के रिकार्ड और भविष्य में इस प्रकरण का निराकरण शीघ्र करके दें। इसी प्रकार कलेक्टर साहू ने कहा कि ऐसे व्यक्ति जो कई वर्षो पहले से मृत हैं, तो उनका फ ौती नामांतरण का कार्य उस मृत के वारिसों का नहीं हैं, पटवारी का काम है कि वो उस मृत व्यक्ति का फौती नामांतरण कराए। इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मोनिका वर्मा, एसडीएम बिलाईगढ़ डॉ. स्निग्धा तिवारी, तहसीलदारगण उपस्थित थे।

## फिर आई हसीन दिलरुबा का टीजर जारी




बॉलीवुड एक्ट्रेस तापसी पन्नू इन दिनों अपनी शादी को लेकर लाइमलाइट में हैं. इस बीच उनकी मोस्ट अवेटेड फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा के मेकर्स ने टीजर जारी कर दिया है. विनील मैथ्यू के डायरेक्शन में बनीं फिल्म हसीन दिलरुबा को दर्शकों का काफी प्यार मिला था. फिल्म की कहानी ने सबका भरपूर एंटरटेनमेंट किया था. अब फिल्म के दूसरे पार्ट यानि फिर आई हसीन दिलरुबा का टीजर सामने आ गया है. नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर फिल्म के दूसरे पार्ट का टीजर जारी करते हुए लिखा, रिशु और रानी की कहानी में प्यार और पागलपन, दोनों अभी बाकि है. फिर आई हसीन दिलरुबा जल्द नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाला है।



# फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में हैकर की भूमिका निभाएंगी अलाया एफ

बॉलीवुड अभिनेत्री अलाया एफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां को लेकर खबरों का हिस्सा बनी हुई हैं।वह इस फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ अभिनय करती नजर आएंगी।यह फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।अब फिल्म में अलाया के किरदार से पर्दा उठ चुका है।

खबर है कि बड़े मियां छोटे मियां में अलाया पहली बार एक हैकर की भूमिका निभाती नजर आएंगी।

प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने कहा, अलाया बड़े मियां छोटे मियां में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैया हैं। वह एक हैकर का किरदार निभाएंगी। यह उनकी पिछली भूमिकाओं से बहुत अलग है। फिल्म में उनका किरदार काफी अहम माना जा रहा है। अलाया का किरदार बड़े मियां छोटे मियां की एक्शन से भरपूर कहानी में दिलचस्प मोड़ लेकर आएगा।बता दें, मानुषी छिल्लर भी फिल्म में हैकर के किरदार में दिखाई देंगी। अलाया ने अपने करियर की शुरुआत 2020 में आई फिल्म जवानी जानेमन के जरिए की थी।वह अब तक फ्रैडी, ऑलमोस्ट प्यार विद डीजे मोहब्बत और यू-टर्न जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं।आने वाले दिनों में अलाना बड़े मियां छोटे मियां के अलावा राजकुमार राव के साथॉ श्रीकांत बोला की बायोपिक श्री में नजर आएंगी।यह फिल्म 10 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसका निर्देशन तुषार हीरानंदानी ने किया है।

# योद्धा फेम राशि खन्ना ने बॉडीकॉन आउटफिट पहन कराया हॉट फोटोशूट

### लेटेस्ट तस्वीरों ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

बॉलीवुड एक्ट्रेस राशि खन्ना इन दिनों अपनी फिल्म योद्धा का प्रमोशन करने में काफी बीजी हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर अपलोड करती हैं तो फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थकते हैं। हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर कर एक बार फिर से इंटरनेट पर बवाल मचा दिया है।

एक्ट्रेस राशि खन्ना आए दिन इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें शेयर कर के फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लिया है।

उनका हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सोशल मीडिया का तापमान बढ़ा देता है। हालांकि इन तस्वीरों में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

हाल ही में एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में राशि खन्ना का कातिलाना अंदाज देखकर फैंस उन पर अपना दिल हार गए हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस राशि खन्ना ने रेड कलर का बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी गॉर्जियस नजर आ रही हैं। बालों को स्टाइल कर के और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस राशि खन्ना ने अपने आउटलुक को काफी शानदार तरीके से कंप्लीट किया है।

बता दें कि इन दिनों एक्ट्रेस राशि खन्ना अपनी फिल्म योद्धा का प्रमोशन करने में काफी व्यस्त हैं। इस दौरान वो अपने आउटफिट से भी लोगों को काफी इंप्रेस कर रही हैं।

राशि खन्ना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें लाखों लोग फॉलो करते हैं।



# फिल्म क्रू के पहले गाने का टीजर जारी, नैना में किलर मूव्स दिखाती नजर आईं कृति सेनन




**क्रू** इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक हैं। फिल्म में तीन अभिनेत्रियों करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन की दमदार अदाकारी के साथ ग्लेमर का तड़का लगेगा। फिल्म का धमाकेदार टीजर फैंस को खूब पसंद आया था। वहीं अब फिल्म के निर्माताओं ने दर्शकों का उत्साह बढ़ाने के लिए क्रू का पहला गाना रिलीज करने की योजना बनाई है। आज निर्माताओं ने फिल्म के पहले गाने का टीजर जारी किया।

फिल्म के पहले गाने का शीर्षक है नैना। इस गाने की टीजर में कृति सेनन नजर आ रही हैं। अभिनेत्री कृति सेनन ने नैना गाने क ा टीजर रिलीज किया। वीडियो साझा करते हुए उन्होंने गाने की झलक दिखाई। यह गाना 4 मार्च को रिलीज होने के लिए तैयार है। गाने के टीजर वीडियो में कृति सेनन व्हाइट ड्रेस में बेहद बोल्ड नजर आ रही हैं, साथ ही उन्होंने अपने कर्वी फिगर भी फ्लॉन्ट किए। वीडियो साझा करते हुए कृति ने कैप्शन में लिखा, इससे ज्यादा गर्मी नहीं होती। इस नैना का क्या कहना। गाना चार मार्च को धमाल मचाने आ रहा है। फिल्म का यह गाना दिलजीत दोसांझ ने गाया है। साथ ही बादशाह ने अपना रैप ट्रैक भी जोड़ा है। वहीं अब दर्शकों को तब्बू और करीना कपूर पर फिल्माए हुए गाने के रिलीज होने का भी इंतजार है। क्रू की कहानी के बारे में बात करें तो यह फिल्म डकैती पर आधारित ड्रामा है, जिसमें करीना कपूर, तब्बू और कृति सेनन के साथ दिलजीत दोसांझ भी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं फिल्म में कपिल शर्मा का भी कैमियो रोल होगा।

# फिल्म लापता लेडीज पहले ही दिन 1 करोड़ के लिए तरसी, लाखों में सिमटी कमाई



किरण राव के निर्देशन में बनी फिल्म लापता लेडीज 1 मार्च को सिनेमाघरों में आई। फिल्म को दर्शकों के साथ-साथ समीक्षकों से भी बढ़िया प्रतिक्रिया मिली, लेकिन फिल्म के पहले दिन के बॉक्स ऑफिस आंकड़े निराशाजनक हैं।इस फिल्म की निर्देशक किरण राव हैं, जो 14 साल बाद इसके जरिए निर्देशक की कुर्सी पर बैठी हैं।भले ही फिल्म में उनके निर्देशन की भी तारीफ हुई है, लेकिन फिल्म का टिकट खिड़की पर पहले दिन का हाल अच्छा नहीं रहा। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, लापता लेडीज ने पहले दिन महज 65 लाखे रुपये का कारोबार किया है। इसका सामना बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ऑपरेशन वैलेंटाइन से था, जिसने पहले दिन 1.25 करोड़ रुपये कमाए हैं। जाहिर है कि इस फिल्म से लापता लेडीज का कलेक्शन प्रभावित हुआ है।

# आर्टिकल 370 ने कर ली है छप्परफाड कमाई, दुनियाभर में यामी की फिल्म ने लगाई हाफ सेंचुरी




यामी गौतम की लेटेस्ट रिलीज 'आर्टिकल 370' बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म कर रही है. इस फिल्म को दर्शकों ने भरपूर प्यार दिया है और इसी के साथ 'आर्टिकल 370' ने अपने पहले हफ्ते में शानदार करोबार किया है. ये फिल्म अब रिलीज के दूसरे हफ्ते में पहुंच चुकी है और अब ये घरेलू बाजार में 50 करोड़ रुपये के क्लब में प्रवेश करने की तैयारी में है. चलिए यहां जानते हैं 'आर्टिकल 370' ने रिलीज के 8वें दिन यानी दूसरे शुक्रवार को कितने करोड़ का कलेक्शन किया है?

कम चर्चा लेकिन अच्छी वर्ड-ऑफ-माउथ के साथ, आदित्य धर की डायरेक्शन फिल्म 'आर्टिकल 370' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है. फिल्म को क्रिटिक्स और ऑडियंस से पॉजिटिव रिव्यू मिला और इसी के साथ 'आर्टिकल 370' ने रिलीज के सात दिनों में सॉलिड कमाई कर ली है. हालांकि इस दौरान 'आर्टिकल 370' के कलेक्शन में उतार-चढ़ाव भी देखा गया.

वहीं फिल्म की कमाई की बात करें तो 'आर्टिकल 370' की पहले दिन 5.9 करोड़, दूसरे दिन 7.4 करोड़, तीसरे दिन 9.6 करोड़, चौथे दिन 3.25 करोड़, पांचवे दिन 3.3 करोड़, छठे दिन 3.15 करोड़ और सातवें दिन 3 करोड़ का कलेक्शन किया. इसी के साथ 'आर्टिकल 370' का एक हफ्ते का कारोबार 35.6 करोड़ रुपये हो गया है. वहीं अब इस फिल्म की रिलीज के 8वें दिन यानी सेकंड फ्राइडे की कमाई के शुरुआती आंकड़े आ गए हैं.

## खेल




*गुजरात जायंट्स को लगातार चौथे मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। रविवार को गुजरात को दिल्ला कैपिटल्स ने 25 रन से हराया। अब गुजरात को टूर्नामेंट में जीवित रहने के लिए हर मुकाबला जीतना होगा। उसके 4 मैच बाकी है। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में रविवार को गुजरात जायंट्स टॉस जीतने ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। दिल्ली ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 163 रन बनाए। जवाब में गुजरात 20 ओवर में 8 विकेट पर 138 रन ही बना सका।*

# गुजरात जायंट्स की WPL-2 में लगातार चौथी हार

### दिल्ली कैपिटल्स ने 25 रन से हराया, लेनिंग का अर्धशतक, जोनासेन को 3 विकेट

दिल्ली की कप्तान मेग लेनिंग ने 55 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। लववहीं, जेस जोनासेन और राधा यादव ने 3-3 विकेट लिए।

### लेनिंग ने ओपनिंग पारी संभाली

गुजरात के लिए मेग लेनिंग और शैफाली वर्मा ने ओपनिंग की। दोनों के बीच केवल 20 रन की साझेदारी हुई और वर्मा 9 बॉल में 13 रन बना कर आउट हुई। हालांकि, लेनिंग ने कप्तानी पारी खेली और 134.15 के स्ट्राइक रेट के साथ 6 चौके और 1 छक्का लगा कर 41 गेंदों पर 55 रन बनाए ।

लेनिंग के अलावा, एलिस कैप्सी ने 17 गेंदों पर 27 रन की और एनाबेल सदरलैंड ने 12 बॉल पर 20 रन की पारी खेली। कैप्सी ने 5 चौके लगाए। जबकि सदरलैंड ने 2 चौके और 1 छक्का लगाया। भारत की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स छाप छोड़ने में नाकाम रहीं और 10 गेंदों का सामना करने के बाद केवल 7 रन ही बना सकीं। आखिर में शिखा पांडे 14 रन बनाकर क्रीज पर टिकी रहीं और 2 महत्वपूर्ण चौके लगाकर दिल्ली के स्कोर को स्कोरबोर्ड पर आगे बढ़ाया।




### मेघना ने लिए 4 विकेट

मेघना सिंह ने गुजरात के लिए शानदार बॉलिंग की। तीसरे ओवर में शेफाली को आउट कर उन्होंने गेम में पहली सफलता हासिल की। 29 वर्षीय गेंदबाज-ऑलराउंडर ने 13वें ओवर में दिल्ली की कप्तान लेनिंग का विकेट भी हासिल किया। मेघना ने दिल्ली के दोनों सलामी बल्लेबाजों के अलावा 7वें और 20वें ओवर में एलिक कैप्सी और राधा यादव को चलता कर चार विकेट पूरे किए।

मेघना के अलावा एश्ले गार्डनर ने दो विकेट लिए। वहीं, तनुजा कंवर और मन्नत कश्यप ने एक-एक विकेट लिया।

### गुजरात की बल्लेबाजी फेल

गुजरात जायंट्स की बल्लेबाजी पूरी तरह फेल रही। बेथ मूनी और लौरा वोल्वार्ट ने ओपन किया। वोल्वार्ट 0 रन पर ही आउट हो गई। मूनी 12 रन बना कर आउट हुई। फीब लिचफील्ड 15 रन और वेदा कृष्णमूर्ति 12 रन ही बना सकी। टीम के लिए एश्ले गार्डनर 15+ रन बनाने वाले इकलौती बैटर रही। उन्होंने 40 रन की पारी खेली। इनके अलावा कैथरीन ब्राइस 3 रन, तनुजा कंवर 13 रन और तरन्नुम पठान 9 रन बना कर आउट हुई।

## एक नजर

# ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज ने तोड़ा रवि अश्विन का विराट रिकॉर्ड

**नईदिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 2 मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला वेलिंगटन में हुआ, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई टीम ने मुश्किल पिच पर पहले खेलते हुए 383 रन का पहाड़ सा स्कोर खड़ा किया था. इस बीच नाथन ल्योन ने धारदार गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड को पहली पारी में 179 रन पर रोकने में सफलता पाई. दूसरी पारी में हालांकि ऑस्ट्रेलिया 164 रन के स्कोर पर सिमट गई, लेकिन उन्होंने कीवी बल्लेबाजों के सामने 368 रनों का बड़ा लक्ष्य रख दिया था. लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम चौथी पारी में 196 रन ही बना पाई और 172 रनों से मैच हार गई. दूसरी पारी में भी ल्योन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट चटकाए. अब उनके नाम डब्ल्यूटीसी में एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड जुड़ गया है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की शुरुआत 2019 में की गई थी और अभी तक 2 बार इस चैंपियनशिप का फाइनल खेला जा चुका है. वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में अभी तक सबसे ज्यादा 5 विकेट हॉल का रिकॉर्ड भारत के रविचंद्रन अश्विन के नाम था, जिन्होंने 9 बार किसी एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट चटकाए थे.



# ऑस्ट्रेलिया की जीत से भारत को फायदा, डब्ल्यूटीसी में बनी नंबर वन

**नईदिल्ली** ।ऑस्ट्रेलिया ने न्यूज़ीलैंड को पहले टेस्ट में 172 रनों से शिकस्त दी. ऑस्ट्रेलिया की इस जीत से टीम इंडिया को वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के प्वाइंट्स टेबल में बड़ा फायदा पहुंचा है. न्यूज़ीलैंड के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद टीम इंडिया टेबल में नंबर वन पर पहुंच गई है. भारतीय टीम इन दिनों इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज़ खेल रही है. टीम इंडिया को इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज़ का पांचवां और आखिरी मुकाबला 07 मार्च से धर्मशाला में खेलना है, लेकिन उससे पहले ही रोहित ब्रिगेड को नंबर वन की पोज़ीशन मिल गई. न्यूज़ीलैंड को हराने वाली ऑस्ट्रेलिया 59.09 जीत प्रतिशत के साथ तीसरे नंबर पर आ गई है, जबकि हारने वाली न्यूज़ीलैंड 60.00 प्रतिशत जीत के साथ दूसरे नंबर पर है. वहीं टीम इंडिया 64.58 जीत प्रतिशत के साथ नंबर वन पर खिसक गई है. भारत ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 के च्रक में अब तक 8 मुकाबले खेल लिए हैं, जिसमें उन्होंने 5 में जीत दर्ज की, 2 गंवाए और 1 ड्रॉ पर खत्म करवाया है. वहीं दूसरे नंबर पर मौजूद न्यूज़ीलैंड ने 5 मुकाबले खेले है, जिसमें उन्होंने 3 में जीत दर्ज की और 2 गंवाए हैं. आगे बढ़ते हुए तीसरे नंबर की ऑस्ट्रेलिया ने 11 मुकाबले खेल लिए हैं।




# सनराइजर्स हैदराबाद के नए कप्तान बने पैट कमिंस

### साउथ अफ्रीका के ऐडन मार्करम की जगह लेंगे; SRH ने कोचिंग स्टाफ भी बदला



सनराइजर्स हैदराबाद ने ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस को IPL में अपनी टीम का नया कप्तान बनाया है। टीम ने सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी। कमिंस साउथ अफ्रीका के ऐडन मार्करम की जगह लेंगे। मार्करम की कप्तानी में पिछले सीजन टीम 10वें नंबर पर रही थी। सनराइजर्स ने इससे पहले अपने कोचिंग स्टाफ में भी बदलाव किया था। साउथ अफ्रीका के डेल स्टेन की जगह अब न्यूजीलैंड के जेम्स फ्रैंकलिन बॉलिंग कोच की भूमिका निभाएंगे।

### कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया को 2 ICC ट्रॉफी जिताईं

पैट कमिंस की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने 2023 में 2 ICC खिताब जीते। टीम ने नवंबर में भारत को हराकर वनडे वर्ल्ड कप जीता। उससे पहले जून में टीम इंडिया को ही हराकर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की ट्रॉफी पर भी कब्जा किया। कमिंस की कप्तानी स्किल को देखते हुए ही सनराइजर्स ने उन्हें नया कप्तान बनाया। साउथ अफ्रीका के ऐडन मार्करम ने पिछले सीजन IPL में स्क्र॥ की कप्तानी की थी। टीम 14 में से 4 ही मैच जीतकर 8 पॉइंट्स के साथ 10वें नंबर पर रही। इससे पहले 2022 के सीजन में भी टीम 9वें नंबर पर रहकर प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। 2021 में टीम ने आखिरी बार IPL का फाइनल खेला था।

मार्करम साउथ अफ्रीका की टी-20 लीग में सनराइजर्स ईस्टर्न कैप के कप्तान अब भी हैं।

# 5वां टेस्ट खेलेंगे जसप्रीत बुमराह

### धर्मशाला में 3 पेसर उतार सकता है भारत; पाटीदार या पडीक्क ल में कोई एक ही खेलेगा




**धर्मशाला।** इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट में टीम इंडिया प्लेइंग-11 में 2 बदलाव के साथ उतर सकती है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह स्क्वॉड का हिस्सा हैं, इसलिए उनका खेलना भी कन्फर्म ही है। दूसरी ओर आउट ऑफ फॉर्म रजत पाटीदार की जगह देवदत्त पड्डीकल डेब्यू कर सकते हैं। धर्मशाला के HPCA स्टेडियम में मुकाबला 7 मार्च से शुरू होगा। यहां स्पिन के मुकाबले पेस को ज्यादा मदद मिलती है, इसलिए टीम इंडिया 3 पेसर्स के साथ खेलने उतर सकती है। आगे जानते हैं 5वें टेस्ट के लिए भारत की पॉसिबल प्लेइंग-11 क्या होगी। धर्मशाला के HPCA स्टेडियम में तेज गेंदबाजों को ज्यादा मदद मिलती है। यहां अब तक हुए 20 इंटरनेशनल मैचों में 61.69त्न विकेट तेज गेंदबाजों को मिले। स्पिनर्स को 248 में से 95 विकेट ही मिले, यानी दोनों ही टीमें एक्स्ट्रा पेसर को मैदान में उतारने के बारे में सोच सकती है। टीम इंडिया के पास पेस बॉलिंग ऑप्शन में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और मुकेश कुमार हैं। आकाश और सिराज ने पिछला टेस्ट खेला था, वहीं बुमराह सीरीज के टॉप विकेट टेकर हैं। आकाश दीप ने अच्छा किया, इसलिए उन्हें बुमराह और सिराज के साथ मौका मिल सकता है। तेज गेंदबाजों के लिए मददगार पिच को देखते हुए टीम इंडिया 3 पेसर्स को प्लेइंग-11 में मौका दे सकती है। लेकिन इसके लिए पिछले मैच की प्लेइंग-11 में शामिल 3 में से किसी एक स्पिनर को बाहर बैठना पड़ सकता है।

# साहस का उदगम उत्सव सरना,थनिक रिसोर्ट में हुआ आयोजन, उत्सव में देश विदेश ख्याति प्राप्त लोग हुए शामिल

आयोजन का उद्देश्य जशपुर के आदिवासी सभ्यता तथा स्थानीय कलाकारों तथा खिलाड़ियों की मदद से पर्यटन को प्रोत्साहन देना

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

साहस का उदगम उत्सव का विगत दिनों आयोजन जशपुर में स्थित सरना एथनिक रिसोर्ट में हुआ। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जशपुर के आदिवासी सभ्यता तथा स्थायी जीवन शैली को साथ में लेते हुए यहां के स्थानीय कलाकारों तथा खिलाड़ियों की मदद से पर्यटन को प्रोत्साहन देना था। इस उत्सव में देश विदेश भर से कुछ उल्लेखनीय लोगो ने हिस्सा लिया जिसमे से भारत के सुप्रसिद्ध सर्प मित्र यतिन कल्कि, मुंबई से आयी गायिका चिन्मयी त्रिपाठी, गोरखपुर के सुप्रसिद्ध यूटूबर देवेंद्र पटेल, अमरीका के सुप्रसिद्ध रॉक क्लाइम्बिंग गाइड दावे गेट्स एवं अमृत जोस तथा समय कुलश्रेष्ट आदि सम्मिलित है। इस सम्मेलन के मुख्य आयोजक जशपुर प्रशासन के साथ ही जशप्योर, पहाड़ी बकरा, काफ ी मीडिया, और एडवेंचर्स रहे।

इस सम्मेलन ने देश भर में जशपुर की संस्कृति का संगोपन किया और साथ ही साहसी खेलों को प्रचारित किया, इससे स्थानीय लोगों में ऐसे खेलों को बढ़ावा मिला। इस उत्सव के दौरान जशपुर के आदिवासी नृत्य, लाइव संगीत, शांत जंगल की सैर, योग, रॉक क्लाइम्बिंग, सर्पो के प्रति जागरूकता और मूर्तिकला पेंटिंग कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इस उत्सव ने देश विदेश के मेहमानों को जशपुर की संस्कृति और प्राकृतिक धरोहर का एक अद्वितीय अनुभव प्रदान किया। यहां पर्यटकों ने न केवल रोमांचक कार्यक्रमों का आनंद लिया। बल्कि उन्होंने जशपुर के स्थानीय संस्कृति और विरासत को भी समझा। इस प्रकार, उद्गम उत्सव से देश विदेश भर में जशपुर को एक प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में प्रमोट किया जाएगा और उसे एक आदर्श टूरिज्म स्थल के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

उत्सव के दौरान, जशपुर में स्थित सरना एथनिक रिसोर्ट ने पर्यटकों को एक अद्वितीय मेले की तरह स्वागत किया। यहां के स्थानीय कलाकारों और खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिसने उत्सव को और भी रंगीन बना दिया। आदिवासी नृत्य, लाइव संगीत, और जंगल की यात्राएं पर्यटकों को जशपुर की विशेषता का एहसास कराती रहीं। इसके उत्सव में भाग लेने वाले प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी महत्वपूर्ण बना दिया। इन व्यक्तियों के साथ हुए इंटरैक्शन्स ने जशपुर को एक अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्थान दिलाया। इस उत्सव ने जशपुर की संस्कृति और प्राकृतिक धरोहर को आंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया।

यह न केवल जशपुर के पर्यटन को प्रोत्साहित कियाए बल्कि उसके साथ ही उसे एक विश्वस्तरीय पहचान भी दिलाई। उत्सव ने देश और विदेश से आने वाले पर्यटकों को जशपुर की अनोखी संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव करने का एक महान अवसर प्रदान किया। ट्राइबल डांस में जशपुर के लगभग 200 से अधिक लोगो ने शिरकत की तथा इस उत्सव की पहल करने हेतु जिला प्रशासन को अत्यंत सराहा । इससे जशपुर के स्थानीय लोगों के लिए न केवल आर्थिक विकास हुआ, बल्कि उनकी सांस्कृतिक पहचान भी बढ़ी।





स्थानीय कलाकारों और खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन

## छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना की चेतावनी के बाद शासन ने लिया संज्ञान में

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।



बात रायपुर राजधानी का है जहां पर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति कलेक्टर परिसर के बाहर गार्डन के पास स्थापित की गई थी। जिसकी स्टिक लाइट पिछले 3 माह से बंद थी जिसकी जानकारी लेते हुए खरोरा मुड़पार गांव से प्रमोद भाई और भगवती भाई के द्वारा स्मार्ट सिटी विकास प्राधिकरण ऑफिस में जाकर जानकारी दिया गया कि छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति में जो स्ट्रीक लाइट लगी है वह पिछले 3 महीने से बंद है। जिसे किसी भी प्रकार से व्यवस्था करने की बात कही गई थी। और छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के सदस्यों के द्वारा यह कहा गया कि हमारे छत्तीसगढ़ महतारी के पास में उजाला होना चाहिए,अगर ऐसा नहीं होता है तो आगे कार्रवाई करेंगे। जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी इस प्रकार चेतावनी देने के बाद छत्तीसगढ़ महतारी के पास स्ट्रीट लाइट जल गया। जिससे छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के साथियों में खुशी से सभी के चेहरे गदगद हो गए। जिससे सभी साथियों को जोहार किया गया।

## लर्निंग लाइसेंस शिविर का आयोजन 5 एवं 6 मार्च को

तहसील परिसर जशपुर में होगी शिविर आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल के निर्देशानुसार आम जनता की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए एवं सड़क सुरक्षा में जागरूकता लाने के प्रयास से 05 एवं 06 मार्च 2024 दिन मंगलदार एवं बुधवार को दो दिवसीय लर्निंग लायसेंस शिविर कैम्प का आयोजन तहसील परिसर जशपुर में किया गया है। जिला परिवहन अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक व्यक्ति किसी भी लोकसेवा केन्द्र व च्वाईस सेंटर से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं अथवा परिवहन विभाग की वेबसाईट से स्वयं भी ऑनलाईन आवेदन कर सकते है एवं 05 एवं 06 का स्लॉट एपॉईन्टमेंट लेकर तहसील परिसर जशपुर में उक्त तिथि को अपने आवेदन के साथ उपस्थित होकर इस शिविर का लाभ ले सकते हैं।

## महाशिवरात्रि के दिन निकलेगी शिव की बारात, शिव बारात को लेकर लोगों मे भारी उत्साह

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर 8 मार्च को भगत तालाब स्थित ख्याति प्राप्त शिव मंदिर में महा शिवरात्रि का पर्व धूम-धाम से मनाया जाएगा। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव परिवार के सदस्यों के द्वारा भगवान शिव के इस महापर्व को मनाने के लिया तैयारियां प्रारम्भ कर दी हैं, शिव परिवार के द्वारा इस वर्ष महाशिव रात्रि के अवसर पर भगवान भोलेनाथ की बारात भी निकाली जाएगी जिसे लेकर नगरवासियों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम के सम्बन्ध में शिव परिवार के सदस्यों ने बताया कि शिव परिवार द्वारा शिवजी की बारात निकालने का निर्णय लिया गया है इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विगत दिनों शिव मंदिर भगत तालाब में खरसिया नगर के वरिष्ठ नागरिकों की मीटिंग रखी गई थी जिसमें महाशिवरात्रि के दिन भव्य शिव बारात निकाले जाने का निर्णय लिया गया है इस शिव बारात में विभिन्न प्रकार की झांकियां रथ एवं राक्षस गण नंदी बैल वगैरह के रूप में विभिन्न झांकियां रहेंगी। उक्त बरात को भव्य बनाने के लिए नगर के गणमान्य नागरिकों का सहयोग प्राप्त हो रहा है। विदित हो की भोले बाबा की बारात का निमंत्रण पूरे नगर वासियों को दिया गया है सभी नगर वासी भोले बाबा की बारात में शिरकत करने पहुंचेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। भोले बाबा की बारात में हजारों की संख्या में जनता शामिल होगी और इसमें अनेकों प्रकार की झांकियों का प्रदर्शन भी किया जावेगा जो झांकियां बनाई जाएंगी उसमें प्रमुख रूप से देवी देवता एवं गण राक्षस नंदी बैल वगैरह के रूप में होंगे। भोले बाबा की बारात का स्वागत नगर के अनेकों जगह में किया जावेगा दोपहर लगभग 3 बजे से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करती हुई भोले बाबा की बारात शिव मंदिर भगत तालाब पहुंचेगी जहां पर भव्य आरती की जाएगी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया जावेगा। महाशिवरात्रि के दूसरे दिन नगर के युवाओं के द्वारा दोपहर लगभग 12 बजे से विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है जिसमें क्षेत्र के सभी जनता को निमंत्रित किया गया है। भोले बाबा की बारात की तैयारी के लिए शिव परिवार के विजय मिले, मनीष अग्रवाल, सुनील पत्रकार, विकाश अग्रवाल, श्याम सुन्दर अग्रवाल, सतीस अग्रवाल, मुन्ना अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल,प्रवीण अग्रवाल, विजय अग्रवाल, रोशन अग्रवाल राजा, भरत अग्रवाल दादू, मोहन केशरवानी, दिलीप शर्मा, आशीष शर्मा, प्रमोद अग्रवाल, बंटी कबुलपुरिया सहित नगर के राम सराफ, रामनारायण सोनी सन्टी, अशोक पत्रकार, सुरेश कबूलपुरिया, नरेश सपोस, नटवर गर्ग, दीनदयाल पार्षद, अनिल बरतुंगा, अनिल मिले, राजेश घंशु, सौरभ मोंटी, सहित नगर के अन्य गणमान्य नागरिक तन मन से लगे हुए हैं ।



## एक नजर

### पेयजल सर्वेक्षण के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू रायगढ़ को प्रदान करेंगी राष्ट्रीय पुरुस्कार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिले के लिए गर्व का विषय है। रायगढ़ को पेयजल सर्वेक्षण के लिए राष्ट्रीय पुरुस्कार मिलने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय पुरुस्कार प्रदान करेंगी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, महापौर नगर निगम रायगढ़ जानकी काटजू, सचिव, नगरीय प्रशासन व विकास विभाग बसवराजू एस, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी पुरुस्कार ग्रहण करेंगे। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने प्रदान किए जाने वाले पहले पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कारों की घोषणा की है। जहां शहरों और राज्यों को जल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया जाएगा। शहरों और राज्यों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए 130 पुरस्कारों को प्रदान किया जाएगा। ये पुरस्कार प्रतिष्ठित पेयजल स्वर्ण, रजत और कांस्य सिटी पुरस्कारों से लेकर विभिन्न श्रेणियों में हैं। जहां संबंधित जनसंख्या श्रेणियों (1 से 10 लाख, 10 से 40 लाख और 40 लाख से अधिक) में पुरुस्कार किया दिया जायेगा।

### 12 वीं बोर्ड की सामान्य अंग्रेजी परीक्षा संपन्न

9151 परीक्षार्थी में 137 अनुपस्थित रहे

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 कक्षा 12 वीं बोर्ड परीक्षा के तहत 4 मार्च को सामान्य अंग्रेजी विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें 9 हजार 151 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 9 हजार 014 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 137 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### श्रीराम लला दर्शन यात्राः संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग, मंत्रालय रायपुर द्वारा श्रीराम लला दर्शन (अयोध्या धाम)यात्रा योजना नियम 2024 लागू किया गया है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु संयुक्त कलेक्टर ऋषा ठाकुर मोबा.नं.91656-02767 को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

श्रम विभाग अंतर्गत छ.ग.भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा मंडल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों एवं उनके बच्चों के लिए मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु निःशुल्क कोचिंग सहायता योजना संचालित है। शैक्षणिक योग्यता अनुरूप प्रतियोगिता परीक्षाओं जैसे-पीएससी, सीजी व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे एवं पुलिस भर्ती के अंतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग प्रदाय किया जाएगा। मंडल में पंजीकृत श्रमिक की एक वर्ष की नियमित सदस्यता होना आवश्यक है। पंजीकृत श्रमिक अथवा उनके प्रथम दो संतानों को ही योजना का लाभ प्रदाय किया जाएगा। योजना के तहत आवेदन केवल ऑनलाईन के माध्यम से स्वीकार किए जायेंगे। छात्र/छात्रा कोचिंग कक्षाओं में नियमित रूप से पढ़ाई के संबंध में इस संदर्भ में कोचिंग के मुखिया द्वारा जारी किया गया प्रमाण-पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। योजना में आवेदन करते समय आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाली दस्तावेज में हितग्राही का जीवित श्रमिक पंजीयन कार्ड की मूल स्कैन प्रति, हितग्राही के आधार कार्ड की प्रति, हितग्राही के शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण-पत्र, अंकसूची की प्रति, हितग्राही द्वारा स्व-घोषणा पत्र की प्रति, समस्त दस्तावेज का मूल प्रति स्कैन कर ऑनलाइन अपलोड किया जाना अनिवार्य है। योजना संबंधी आवेदन किसी भी च्वाईंस सेंटर या कम्प्यूटर सेंटर से करा सकते है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के श्रमिकों की सुविधा के लिए श्रम विभाग द्वारा श्रमेव जयते मोबाइल ऐप का निर्माण किया गया है, जिसके माध्यम से घर बैठे आप अपने मोबाइल से ही स्वयं ही योजना हेतु आवेदन कर सकते है।

### कलेक्टर और एसपी ने किया पाली महोत्सव कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण

**कोरबा ।** कलेक्टर अजीत वसंत और पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने आज पाली के केराझरिया में आयोजित होने वाले दो दिवसीय पाली महोत्सव के आयोजन की तैयारियों के संबंध में कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने मंच, बैठक व्यवस्था, पार्किंग, व्हीआईपी बैठक, बेरिकेडिंग, विभागीय स्टॉल सहित अन्य व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

## मुख्यमंत्री साय ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को किया

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।






मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निवास ग्राम बगिया में जिला प्रशासन के द्वारा जिले में कई अभिनव कार्य योजनाओं का शुभारंभ किया। शुभारंभ के साथ साथ जिला प्रशासन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन अधिकारी कर्मचारियों को मुख्यमंत्री ने सम्मानित किया। मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ का दो दिवसीय जशपुर दौरा कार्यक्रम के दौरान उनके निवास ग्राम बगिया में जिला प्रशासन के द्वारा कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में रूपेश कुमार पाणिग्राही जिला समन्वयक रेडक्रॉस को जशपुर जिले में रेडक्रॉस के कार्यो को जिले के सभी विकासखंड में स्थापित कर उनका उत्तम प्रबंधन करना और स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों को उत्तम उपचार का प्रबंधन व समाज सेवा के क्षेत्र में, शिशिर सिंह परमार जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान को स्वास्थ्य के क्षेत्र में मरीजों के उपचार में उत्तम प्रबंधन हेतु, एवं निरंजन प्रसाद गुप्ता डीडीएम को स्वास्थ्य कार्यक्रमो में डेटा प्रबंधन, विश्लेषण एवं मॉनिटरिंग में उत्कृष्ठ कार्य हेतु विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत एवं सम्मानित किये साथ ही कलेक्टर रवि मित्तल ने तीनों को उत्तम सेवा हेतु बधाई एवं शुभकामना दी। इस कार्यक्रम में सरगुजा रेज के आईजी अंकित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह एवं जिला प्रशासन के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एम मानु पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

छत्तीसगढ़ी पंजाबी राजस्थानी,ओड़ीसी कल्चर और धार्मिक प्रेणाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

देवभोग के एम मानु पब्लिक निजी स्कूल ने बीते 2 मार्च को वार्षिक उत्सव मनाया। इस अवसर पर स्कुल के छोटे बच्चों ने 30 से ज्यादा मनमोहक प्रस्तुतियां दी। देवभोग के गौरव सेल्स के पिछे आयोजित इस शालेय वार्षिक उत्सव विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी देवनाथ बघेल के मुख्य आतिथ्य में तथा शिवज्ञा जनकल्याण समिति के अध्यक्ष लता माहेश्वरी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ तो वहीं इस उत्सव में नोडल प्राचार्य आर आर सिंह,एस एम सी अध्यक्ष नीता कश्यप, उपाध्यक्ष ममराज अग्रवाल और स्कूल के संचालक हेमंत मिश्रा भी बतौर विशिष्ट अतिथि उपस्थित थे वही पूरे कार्यक्रम का संचालन तेजराज ठाकुर ने किया।

### ग्यारह थीम पर बच्चों की



### तीस से अधिक प्रस्तुति

एम मानु पब्लिक स्कूल के नर्सरी से आठवीं तक के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा आयोजित कार्यक्रम जहां संगीतमय हनुमान चालीसा के गायन के साथ प्रारंभ हुआ तो वहीं राजकीय गीत, धार्मिक, पंजाबी, राजस्थानी, छत्तीसगढ़ी,ओड़िशी एकल व सामुहिक नृत्य को मिलाकर 30 से अधिक प्रस्तुतियां पेश किया जिसका क्षेत्रभर में जमकर तारीफ हो रहा है। एम मानु स्कुल के वार्षिक उत्सव के संध्या कालीन हुये सांस्कृतिक कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण,डंबल पीटी, माता-पिता के महत्व आधारित प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया वहीं कार्यक्रम में उपस्थित पालक और दर्शक ने इसे खुब पसंद किया।

### निजी स्कुलों में एम मानु पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक आयोजनों में किसी से पिछे नहीं

बीते 2012 से संचालित एम मानु पब्लिक स्कूल अपने श्रेष्ठ अध्यापन कार्य के साथ साथ आये दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराती है स्कुल के संचालक हेमंत मिश्रा और प्राचार्या माण्डवी मिश्रा के सफल प्रयास के चलते स्कुल की एक अलग छबि बनी हुयी है। और समय समय आयोजनों को लेकर जहां स्कुली बच्चों में उत्साह देखा गया है वहीं पालक,पालक समिति,शाला विकास समिति और अधिकारी भी तारीफ करते दिखे हैं।

### वार्षिक उत्सव को लेकर शिक्षकों ने की थी जमकर मेहनत

*02 मार्च को आयोजित स्कुल के वार्षिक उत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर स्कुल के संचालक हेमंत मिश्रा और प्राचार्या माण्डवी मिश्रा के देखरेख पर चंचल भुत्तरा, सुखविता बाघ, संतृप्ति पात्र,मोनिलिसा पात्र,गहना यादव, नमिता, लीना अग्रवाल ने जमकर मेहनत की थी वहीं म्युजिक टीचर कृष्णा सोनी का विशेष योगदान रहा है।वही एम मानु के रोचक प्रस्तुति से प्रभावित होकर मुख्य अतिथि देवनाथ बघेल ने प्रत्येक प्रतिभागी छात्रों को पेन व कापी भेंटकर पुरूस्कृत किया।*

# प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नाम पर अवैध वसूली करने का लगा आरोप

## कलेक्टर शिकायत एवं जिला स्तरीय टीम गठित कर मामले की जांच पर दोषियों पर उचित कार्रवाई करने की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

**राशि का भुगतान के नाम पर नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के आधा दर्जनों गांवों में हल्का पटवारी और कृषि ग्रामीण विस्तर अधिकारी पर मिलीभगत कर किसानों से राशि वसूली का आरोप लगा है।**



### 6 महीने के बाद भी नहीं हो पाई कार्यवाही

मामले को कलेक्टर से शिकायत कर जांच कराने की मांग की गई है। उमाशंकर दिवाकर प्रदेश उपाध्यक्ष आल इंडिया संपादक संघ छत्तीसगढ़ व छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दाऊ राम चौहान के नेतृत्व में एक मार्च को कलेक्टर को आवेदन सौंपते हुए बताया कि ग्राम कामता, ढनढनी धनौरा,लालपुर, हरमुडी, कवराकापा, मुरता, गाडामोड, दर्रीखाम्ही के किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा को क्लेम राशि दिलाने के नाम पर 500 से 1000 रुपये तक वसूली करवाई गई। इसके लिए गांव के कुछ लोगों को कमीशन कालच देकर जिन्होंने किसानों के घर-घर जाकर राशि वसूल की। बताया जा रहा है कि विगत फसल बीमा क्लेम दिलाने का आश्वासन देकर किसानों से मोटी रकम वसूली की गई है। एक गांव से दो से तीन लाख रुपये तक की वसूली किसानों से की गई।

### कलेक्टर से शिकायत कर जिला स्तरीय जांच टीम गठित की मांग

जिला स्तरीय जांच टीम गठित करने की मांग: शिकायत के 6 माह बीत जाने व खाना पूर्ति के नाम पर मामला रफा-दफा को लेकर शिव सेना जिला प्रमुख दाऊराम ने पुनः कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर जिला स्तरीय जांच टीम गठित करने की मांग की है। उन्होंने कलेक्टर से अपील की है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में बीमित कृषकों से अवैध उगाही के संबंध में जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर उचित कानूनी कार्यवाही की जाए।

### जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर उचित कार्रवाई की मांग

* शिकायतकर्ता उमाशंकर दिवाकर का कहना है कि जांच के नाम पर खानापूर्ति का खेल चल रहा है। मामले को दबाने व दोषियों को बचाने का काम किया जा रहा है। जांच करने से पहले गांव में मुनादी नहीं कराई गई। इसलिए जिला स्तरीय जांच टीम का मांग की गई क्योंकि जो जांच 2 माह में होता उनको 6 माह तक दबाकर रखा गया। अब उस मामले पर गुपचुप तरीके से एक सोची समझी रणनीति के तहत पंचनामा तैयार कर दोषियों को संरक्षण प्रदान किया जा रहा हैं ।

**शिकायतकर्ता,उमाशंकर दिवाकर**

* मेरे को अभी ज्यादा दिन हुआ है। मेरे आने के बाद उक्त मामले पर सुनवाई प्रारम्भ किया हूं। जांच टीम में दो अधिकारियों को शामिल किया है जिसमे तहसीलदार व वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी का नाम है जो गांव जाकर लोगों से मिलकर जांच कर रहे हैं। जांच उपरांत ही कुछ जिन्होंने किसानों से पैसा वसूल किया व जो करवाया है उनका भी बयान लेकर शिकायतकर्ता का बयान से जो निकल कर आयेगा वो किया जायेगा बहरहाल अभी जांच चल रहा है।

**मुकेश कुमार,अनुविभागीय राजस्व दंडाधिकारी नवागढ़, जिला-बेमेतरा।**

* परिचय सुनते ही फोन काट देने के वजह से जांच से सम्बंधित पक्ष नहीं लिया जा सका।

**अश्वनी कुमार चतुर्वेदी,जांच अधिकारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी जिला-बेमेतरा**

* फोन पर सम्पर्क कर जांच किन-किन बिंदुओ पर की जा रही है जानने के लिए लगाया गया किंतु फोन रिसीव नहीं करने पर पक्ष नहीं मिल पाया।

*** बिनोद कुमार बंजारे,तहसीलदार नवागढ़ जांच अधिकारी**

## एक नजर

### गौरव धुरंधर का असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर नियुक्ति होने पर परिवारजनों ने दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।



बलौदाबाजार अंचल व समूचे छत्तीसगढ़ के लिए खुशी व गौरवान्वित होने का अवसर प्राप्त हुआ है कि विधानसभा बलौदाबाजार भाजपा के पूर्व प्रत्याशी टेसूलाल धुरंधर एवं प्रधानपाठक उषा देवी धुरंधर के सुपुत्र व धर्मवीर धुरंधर के अनुज मोक्ष आईएएस रायगढ़ के संचालक कर्मवीर धुरंधर गौरव का देश के उच्च शिक्षा हेतु प्रतिष्ठित संस्थान दिल्ली यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास के पद पर नियुक्ति हुई है कर्मवीर धुरंधर को अंचल का नाम रोशन करने के लिए हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

### पेयजल सर्वेक्षण के लिए रायगढ़ को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू प्रदान करेंगी राष्ट्रीय पुरुस्कार

5 मार्च को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में वितरित किए जायेंगे पुरुस्कार

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ जिले के लिए गर्व का विषय है। रायगढ़ को पेयजल सर्वेक्षण के लिए राष्ट्रीय पुरुस्कार मिलने जा रहा है। 5 मार्च को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रीय पुरुस्कार प्रदान करेंगी। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव, महापौर नगर निगम रायगढ़ जानकी काटजू, सचिव, नगरीय प्रशासन व विकास विभाग बसवराजू एस, कलेक्टर कार्तिकेया गोयल व नगर निगम आयुक्त सुनील चंद्रवंशी पुरुस्कार ग्रहण करेंगे। आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने 5 मार्च 2024 को विज्ञान भवन में प्रदान किए जाने वाले पहले पेयजल सर्वेक्षण पुरस्कारों की घोषणा की है राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। जहां शहरों और राज्यों को जल क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सम्मानित किया जाएगा। शहरों और राज्यों की उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए 130 पुरस्कारों को प्रदान किया जाएगा। ये पुरस्कार प्रतिष्ठित पेयजल स्वर्ण, रजत और कांस्य सिटी पुरस्कारों से लेकर विभिन्न श्रेणियों में हैं। जहां संबंधित जनसंख्या श्रेणियों (1 से 10 लाख, 10 से 40 लाख और 40 लाख से अधिक) में पुरुस्कार दिया जायेगा। 485 शहरों में 2.0 के अंतर्गत किए गए आंकलन में विभिन्न मापदंडों को शामिल किया गया, जिसमें पहुंच, कवरेज, जल शोधन संयंत्रों और घरों में पानी की गुणवत्ता और जल निकायों की स्थिति संबंधित स्थिरता, फ्लोमीटर की उपलब्धता और जलशोधित उपयोग किए गए पानी का पुनः उपयोग शामिल है। शहरों को स्टार रेटिंग पैमाने पर 5 स्टार से लेकर नो स्टार तक वर्गीकृत किया गया है, जो इन महत्वपूर्ण मानदंडों में उनके प्रदर्शन को समाहित करेगा।

### डा. तरूणधर दीवान के शोध पत्र को अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में रिसर्च पेपर पुरस्कार

**कोरबा** । प्रतिभावान प्रोफेसर डा. तरुण धर दीवान एमटीएमआइ अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस मे सर्वश्रेष्ठ रिसर्च पेपर पुरस्कार से सम्मानित हुए हैं। डा दीवान का लिखा यह शोध पत्र इंटरनेट आफ थिंग्स के क्षेत्र में मूलतः डेटा की सुरक्षा और गोपनीयता बढ़ाने के लिए ब्लाकचेन तकनीक पर आधारित है। आइओटी के क्षेत्र में विभिन्न उपकरणों का निर्माण कर सामान्य नागरिकों व सैन्य सुरक्षा के उपकरणों की सुरक्षा गोपनीयता और अखंडता को बढ़ाने में सहयोग इस विषय पर कार्य का मूल उद्देश्य है।

शारदा स्कूल आफबिजनेस स्टडीज, शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा एवं डीबीएमए यूनिवर्सिटी आफमैरीलैंड ईस्टर्न शोर, यूएसए के सहयोग से आयोजित एमटीएमआइ अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा तरुण धर दीवान सर्वश्रेष्ठ रिसर्च पेपर पुरस्कार से सम्मानित हुए।

# आप नेता के बंदूक से निकली गोली भाजपा नेता को लगी, नेताजी हॉस्पिटल में भर्ती

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।




खरसिया क्षेत्र से ससनीखेज मामला सामने आ रहा हैं। बताया जा रहा है कि खरसिया के एक आम आदमी पार्टी के नेता ने भाजपा नेता के ऊपर गोली चला दी है। जिससे उसकी हालत गंभीर है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। खबर के अनुसार दोनों के बीच में जमीन संबंधी विवाद था। आज सुबह आम आदमी पार्टी के नेता व खरसिया से इस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी अमर अग्रवाल से भाजपा कार्यकर्ता गोपाल गिरी के साथ जमीन संबंधी विवाद पर कहा सुनी हो गई। इसके बाद आरोप है कि अमर अग्रवाल ने गोपाल के ऊपर फायर कर दिया। जिससे गोपाल गिरी की तबियत बिगड़ गई और उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती करना पड़ गया। इस मामले में पुलिस ने कुछ भी कहने से इंकार किया है। पुलिस का कहना है कि वे घटनास्थल पर जा ही रहे हैं वहां पर जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। कुछ स्थानीय लोगों के अनुसार अमर अग्रवाल ने गोली नहीं चलाई बल्कि चिड़िया मरने वाली बंदूक का उपयोग किया है। बहरहाल जांच के बाद ही मामला साफ हो पाएगा। वही जानकारी सामने आ रही हैं कि घायल व्यक्ति को रायगढ़ रेफर कर दिया गया हैं जिसका इलाज जारी हैं।



# छत्तीसगढ़ का शिमला मैनपाट पर्यटन के क्षेत्र में करेगा विकास- विधायक रामकुमार टोप्पो



जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

छत्तीसगढ़ का शिमला कहे जाने वाला मैनपाट प्रकृति के सुंदरता से लोटपोट है यहां ऐसे कई पॉइंट है जो पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं मैनपाट में प्रतिदिन सैलानियों का ताता लगे रहता है। हाल ही में मैनपाट में कार्निवाल महोत्सव का आयोजन किया गया था। जिसमें छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित पर्यटक मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का भी आगमन हुआ था जिन्होंने यहां पर्यटन के क्षेत्र में विकास के लिए कई घोषणाएं भी की है जिसको देखते हुए सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो मैनपाट में पर्यटन को विकसित करने के लिए आज मैनपाट के विशेष दौरे पर थे। जहां उन्होंने कई ऐसे पॉइंट का भी दौरा किया जो अभी तक पर्यटकों की पहुंच से दूर है। ऐसे ही कुछ नये पॉइंटों को विकसित करने के लिए विधायक रामकुमार टोप्पो ने पांच नए पाइंट को चिन्हित किया है। वही विधायक रामकुमार टोप्पो जी ने बताया कि मैनपाट में पर्यटन के बहुत सारे संभावनाएं हैं जिसे अभी तक चिन्हित नहीं किया गया। जिस कारण पर्यटक वहां तक नहीं पहुंच पाते हैं अभी मैनपाट के कार्निवल महोत्सव में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल जी का आगमन हुआ था जो की पर्यटन को लेकर कई सारे घोषणाएं की गई हैं। वही मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन पर नए पर्यटक पॉइंट की खोज पर आज मेरा मैनपाट का विशेष दौर था जहां आज पांच नए पॉइंटों को चिन्हित किया गया, जो की पहले के पाइंटों से कहीं और ज्यादा खूबसूरत है जो कि पर्यटकों को अपनी ओर और ज्यादा आकर्षित करेगी। जिसे विकसित करने की आवश्यकता है।



# जिला विद्युत विभाग में लाइनमैन दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।





आंधी-तूफान से भरी बारिश हो या फिर पसीने से भरी गर्मी में कहीं बिजली लाइन फाल्ट हो जाए तो तुरंत एक व्यक्ति की याद आती है। लाइनमेन ये फ्रंटलाइन हीरो मोबाइल फ ोन काल पर तुरंत अपनी जान हथेली पर रख बिजली पोल या घर तक पहुंच पड़ता है। फिर हम उपभोक्ताओं के चेहरे पर राहत देकर लौट जाता है। कल्पना कीजिए। यदि यह फ्रंट लाइन कर्मचारी न हो तो हम इस आधुनिक युग में नहीं पाएंगे। आम आदमी के इस हीरो के अभूतपूर्व योगदान और सेवाओं को याद करने का दिन 4 मार्च राष्ट्रीय लाइनमैन दिवस है। जिसे पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी पहली बार जोर-शोर से मना रही है। आज 04 मार्च 2024 को केन्द्र सरकार के तत्वाधान में लाईनमेन दिवस, कार्यालय कार्यपालन अभियंता छग स्टे, पॉ. डि. क.संभाग, बलौदाबाजार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें बलौदाबाजार संभाग में कार्यरत लाईन कर्मचारी संविदा कर्मचारियों, आउटसोर्स लाईन कर्मचारी को सुरक्षा नियम के साथ काम करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया। कार्यपालन अभियंता व्ही के राठिया एवं सहायक अभियंता आरके ध्रुव द्वारा संभाग के अंतर्गत लाईन संबंधी उत्कृष्ठ कार्य करने वाले लाईन कर्मचारी को सम्मानित किया गया। लाईन का रखरखाव एवं सुरक्षा उपकरण का सही उपयोग करने वाले लाईन कर्मचारी जोगाराव, सुरेश निषाद, जोहित कंवर रविंद्र साहू बलौदाबाजार उपसंभाग, राजेन्द्र वैष्णव प्यारेलाल पटेल, छबीराम साहू लवन उपसंभाग लीलाधर साहू, वकील बेग, कृष्णा पटैल पलारी उपसंभाग को सम्मानित किया गया है।

# गोहरापदर में क्षेत्र का चौथा रक्तदान शिविर

## तैयारी में जुटा ग्राम विकास समिति अब तक तीन शिविर में 360 युनिट रक्त दान

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।



जिले के देवभोग, उरमाल,गोहरापदर अमलीपदर क्षेत्र में चौथा रक्तदान शिविर को लेकर गोहरापदर ग्राम विकास समिति जोर शोर से तैयारी में जुट गयी है। आने वाले 6 मार्च को गोहरापदर के शासकीय प्राथमिक शाला परिसर में आयोजित इस विशाल रक्तदान शिविर में अधिक संख्या में रक्त दान करें इस बात को लेकर एक टीम घर-घर सम्पर्क कर लोगों को जागरूक कर रही है वहीं पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी, जैकी गोयल,सुरेश राजपुरोहित, मोहम्मद फि रोज, गुरूनायायण तिवारी मेघाराम बघेल,डिलेश्वर शर्मा,भगवानो पांडेय,राजेश दौरा, गजेन्द्र तिवारी, पुनित सिंहा, केनुराम यादव, अल्तमस खान, इमरान मेमन,तारू भाई,बबलू मित्तल जागेश्वर पांडेय,मनोज पाण्डेय, धर्मेन्द्र बघेल,अमन तिवारी,ललीत सिन्हा,गोलू साहू सहित क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों की एक समिति इस आयोजन का नेतृत्व कर रही है।


### तीन शिविर में 360 युनिट देकर पुण्य के भागीदार बनें क्षेत्रवासी

अभी तक क्षेत्र के देवभोग में दो रक्त दान शिविर और उरमाल में एक शिविर आयोजित कर क्षेत्र वासियों ने पुनित कार्य कि हिस्सा बना है। क्षेत्र में पहला शिविर 17 सितम्बर 2022को देवभोग में आयोजित हुयी जिसमें 154 युनिट रक्त दान की गयी फिर 1अक्टुबर 2023को दूसरा शिविर उरमाल में सम्पन्न हुई जिसमें 115युनिट रक्त दान किया गया वहीं 10अक्टुबर 2023 को देवभोग में तीसरा शिविर का आयोजन हुआ जिसमें 101युनिट रक्त दान कर क्षेत्र वासियों ने दुनिया के सर्वोच्च पुनित कार्य के हिस्सा बने हैं इस प्रकार अब तक गरियाबंद और रायपुर के ब्लड बैंक को 360 युनिट ब्लड देकर जरूरत मंदों की मदद में अपनी सहभागिता निभाया है।

### गोहरापदर शिविर में 200 से अधिक युनिट के लक्ष्य में जुटे समिति सदस्य और सहयोगी

गोहरापदर में 06 मार्च को आयोजित होने वाले चौथे रक्त दान शिविर को लेकर तैयारी में जुटे समिती के सदस्य और शिविर के सहयोगी इस बार के शिविर में रक्त दान के लिये 200 युनिट का लक्ष्य लेकर सतत संभावित रक्तदाताओं से मिल रहे हैं। अब तक 30 से अधिक रक्त दाताओं ने अब तक पंजीयन करा लिया है और समिति को पूर्ण विश्वास है शिविर में लक्ष्य की पूर्ती हो जायेगा।

### शिविर के लिये बना वाटसाप ग्रुप और हो रहा आन लाईन पंजीयन




शिविर को लेकर विशेष प्रयास में जुटे जैकी गोयल और मोहम्मद फिरोज ने बताया शिविर को ऐतिहासिक बनाने वाटसाप ग्रुप बनाया गया है जिसमें ग्यारह सौ से अधिक लोगों को जोड़ा गया है और समिति ने रक्तदाताओं के सुविधा के लिये आनलाइन पंजीयन भी करा रही है।

# दस सालों से शौचालय की प्रोत्साहन राशि नहीं मिलने पर चन्द्रशेखपुर के ग्रामीण दर-दर भटकने को मजबूर

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**धरमजयगढ़ ब्लाक की ग्राम पंचायत चंद्रशेखरपुर एडू में 2014-15 में ग्रामीणों द्वारा स्वयं से बनाये शौचालय की प्रोत्साहन राशि दस वर्ष बीत जाने के बाद भी हितग्राहियों को नहीं मिला।**









जिस कारण पिछले दस सालों से हितग्राही दर-दर भटकने को मजबूर हैं। हितग्राही अपने अधिकार की राशि के लिए सरपंच विधायक एवं प्रशासनिक अधिकारी तक गुहार लगा रहे हैं। लेकिन सरपंच जिला बाई राठिया प्रोत्साहन राशि के लिए हितग्राहियों को घुमाया जा रहा है जबकि यहां की महिलाएं अपने काम काज छोड़कर कभी छाल तहसील तो धरमजयगढ़ सीईओ, एसडीएम तो कभी रायगढ़ कलेक्टर के पास जा रहे लेकिन सरपंच को इससे कोई फर्क पड़ता नजर नहीं आ रहा। हितग्राहियों द्वारा शिकायत पर प्रशासन से जांच के लिए 16 फरवरी को धरमजयगढ़ से टीम गठन कर भेजा गया। जिसमे सरपंच स्वास्थ्य खराब होने के कारण हॉस्पिटल में थी तो जांच टीम द्वारा पुन: हितग्राहियों को 22 फ रवरी का तारीख दिया गया जिसके जांच में सरपंच जिला बाई द्वारा 27 फरवरी को हितग्राहियो को सेल्फ चेक देने में सहमति जाहिर किया लेकिन हमेशा की तरह चेक नहीं दिए उल्टा फिर नये दस्तावेज मंगाया गया। जिसमे सीधा शाम तक खाते में आहरण हो जाएगा लेकिन आज पांच दिन बीत गया किसी के खाते रकम नहीं आया।

### क्या कहते हैं जनपद सीईओ

*जब महिलाएं सरपंच कि शिकायत लेकर धरमजयगढ़ जनपद पंचायत सीईओ के पास पहुंची तब सीईओ ने कहा 10 साल पहले मैं मौजूद नहीं था। उसकी जानकारी मुझे नहीं हैं लेकिन आप लोगों का प्रोत्शाहन राशि नहीं मिला हैं तो सरपंच जिला बाई राठिया को देना पड़ेगा। क्योंकि शासन द्वारा राशि का भुगतान पंचायत को कर दिये गए है। और रही बात खाता सीज होने कि तो ऐसा नहीं होता है और सरपंच जिला बाई की काफी शिकायत हैं वैसे मैं 8 मार्च के बाद सभी मामलो कि जांच में जाऊंगा और जांच में जो दोषी पाया जयेगा उस पर उचित कार्यवाही कि जायेगी।*

## एक नजर

### जिला पंचायत के अध्यक्ष ने कांग्रेस को सौपा इस्तीफा, भाजपा में शामिल



**बिलासपुर** । बिलासपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान ने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया है। सोमवार को इस आसय का पत्र जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय केशरवानी को सौंप दिया, सुबह वे अपने समर्थको के साथ रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंच गए हैं। अब से कुछ देर बाद प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह व भाजपा के प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी में भाजपा की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करेंगें। बता दें कि अरुण सिंह चौहान कांग्रेस की गुटीय राजनीति के हिसाब से पूर्व मुख्य मंत्री भूपेश सिंह बघेल व कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के करीबियो में माने जाते रहे है। कांग्रेस से मोह भंग होने के संबंध में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि, विधानसभा चुनाव के समय उनकी उपेक्षा की गई। जिला पंचायत चुनाव में वे कोटा क्षेत्र से ही चुनाव जीत कर पंचायत की राजनीति शुरू की थी। संख्या बल व गुटीय राजनिति के हिसाब से जिला पंचायत के पद पर काबीज हुए। विधानसभा के चुनाव के समय संगठनों की बैठकों के अलावा जरूरी रणनीतिक बैठकों से दूर रखा गया। अपने से दूराव और उपेक्षा को ही कांग्रेस से मोह भंग होने का कारण माना जा रहा है।

जिला पंचायत अध्यक्ष चौहान के साथ दो और जिला पंचायत सदस्यों के भाजपा में शामिल होने की चर्चा है। एक सदस्य राजेश भार्गव ने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष को कांग्रेस प्राथमिक सदस्यता छोड़ने संबंधित जानकारी देते हुए पत्र सौंप दिया है।

### 2 करोड़ 62 लाख की सौगात दी उद्योग मंत्री ने

होगा बीटी रोड निर्माण, 04 वार्डो में उद्यानों का होगा निर्माण, जीर्णोद्धार, विकास कार्य

**कोरबा** । उद्योग, वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने नगर पालिक निगम कोरबा के 02 करोड 62 लाख रूपये के विकास कार्यो का भूमिपूजन मुख्य अतिथि के रूप में किया। इन कार्यों में वार्ड क्र. 18 एवं 29 में बीटी रोड का निर्माण कार्य तथा वार्ड क्र. 28, 16, 33, 22 में उद्यानों का जीर्णोद्धार व विकास कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद नरेन्द्र देवांगन, प्रतिभा शर्मा तथा अनुज जायसवाल ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दी।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा एन.सी.ए.पी. मद अंतर्गत वार्ड क्र. 28 अंतर्गत आर.पी.नगर फेस-01 दशहरा मैदान के समीप 35 लाख 21 हजार रूपये की लागत से उद्यान का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 16 कोहड़िया जलउपचार संयंत्र के सामने 45 लाख 90 हजार रूपये की लागत से उद्यान का निर्माण कार्य, वार्ड क्र. 33 रामपुर में 17 लाख 23 हजार रूपये की लागत से उद्यान का विकास कार्य, वार्ड क्र. 22 अंतर्गत 47 लाख 51 हजार रूपये की लागत से कटहल गार्डन का सौदंर्यीकरण व विकास कार्य तथा बरबसपुर डम्पिंग यार्ड में 25 लाख रूपये की लागत से फेंसिंग सहित वृक्षारोपण आदि कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार 15वें वित्त आयोग अंतर्गत 27 लाख 22 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 18 पानी टंकी से दारू दुकान तक बीटी रोड का निर्माण तथा 14वें वित्त आयोग अंतर्गत 64 लाख 25 हजार रूपये की लागत से वार्ड क्र. 29 कोसाबाड़ी में पोड़ीबहार में बीटी रोड का निर्माण कार्य कराया जाएगा। प्रदेश के उद्योग वाणिज्य एवं श्रम मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने आज मुख्य अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करते हुए इन सभी विकास कार्यो का भूमिपूजन किया। प्रधानमंत्रीमोदी ने विश्व में भारत की गरिमा बढ़ाई - उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने इस अवसर पर दिए गए अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने विगत 10 वर्षो के कार्यकाल में विश्व पटल पर भारत की गरिमा को बढ़ाया है, आज हर क्षेत्र में भारत प्रगति कर रहा है।

# कैदियों से मारपीट व पैसे वसूली मामले में जेलर एवं तीन जेल प्रहरी गये जेल

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़।




नगर के उप जेल में बंदियों से मारपीट करने वाले जेलर सहित तीन प्रहरी गए जेल ज्ञात हो कि पिछले रविवार की सुबह शाम बंदियों से मारपीट की घटना सामने आई थी। जिसमें पीड़ित पक्ष के द्वारा न्यायालय में चल रहे विचार धीन बंदियों से मारपीट की शिकायत परिजनों द्वारा न्यायालय के समक्ष किया गया था जिसमें न्यायाधीश द्वारा कलेक्टर को इस संबंध में जानकारी दी गई। जिसके लिए जांच में सारंगढ़ एसडीएम को दिया निर्देश किया गया और पीड़ित पक्ष द्वारा सारंगढ़ थाना एवं जिला एसपी से भी मामले की गई थी शिकायत वही जांच उपरांत टीम गठित कर जांच की जा रही थी वही जिसमें जेलर सहायक संदीप कश्यप और तीन जेल प्रहरी महेश्वर हिचामी मनन्दे वर्मा राजकुमार कुर्रे धारा 294, 323, 327, 34,384, के तहत मामला पंजी बात कर रायगढ़ जेल भेजा गया। वहीं मारपीट और घूस लेने के संबंध में के द्वारा उप जेल सारंगढ में मारपीट प्रतिवेदन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी प्रस्तुत है उपजेल सारंगढ़ में सहायक जेल अधीक्षक एवं प्रहरियों के द्वारा बंदियों के साथ पैसे न देने पर की गई मारपीट एवं अश्लील गाली गलौच के संबंध में प्रथम सूचना दर्ज कराया गया था। उपजेल सारंगढ़ में मारपीट की घटना घटित होने के संबंध में जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु दल गठित कर आदेशित किया गया था। जांच टीम के द्वारा मौका स्थल पर उपस्थित होकर जाच किया गया है। जांच के दौरान 25 फरवरी 2024 के सुबह 6 से 10 बजे के मध्य जेल परिसर के अंदर सीसीटीव्ही कैमरा नहीं लगे स्थान पर सहायक जेलर संदीप कश्यप एवं उनके जेल प्रहरी महेश्वर हिचामी, मनेन्द्र वर्मा, राजकुमार कुर्रे के द्वारा जेल के बंदियों से पैसे की मांग करने तथा न देने पर अश्लील गाली गलौज के साथ मारपीट कर चोट पहुंचानाए पाया गया है। जांच दल द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट में आये तथ्य अत्यंत गंभीर एवं अपराधिक श्रेणी में आने से संदर्भित पत्रानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा उक्त संबंध में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज किये जाने हेतु आदेशित किया गया है। जेल भेजा गया।

# शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय नवापारा छाल में कराया न्योता भोजन

जोहार छत्तीसगढ़-एडू।



छत्तीसगढ़ के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना अंतर्गत संचालित न्योता भोजन पूरी तरह स्वैच्छिक है और समुदाय के लोग अथवा कोई भी सामाजिक संगठन या तो पूर्ण भोजन का योगदान कर सकते हैं या अतिरिक्त पूरक पोषण के रूप में मिठाई, नमकीन, फल या अंकुरित अनाज आदि के रूप में खाद्य सामग्री का योगदान कर सकते हैं। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना गाईडलाईन में सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रावधान के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में इसे योता भोजन के नाम से लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें समाजसेवी लोग बढ़चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और स्कूलों में न्योता भोजन करा रहे हैं। 04 मार्च 2024 को शासकीय प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालय नवापारा छाल में समाजसेवी तोसराम चन्द्रा एवं उनके मित्रगणों द्वारा न्योता भोजन के रूप में भोजन एवं परोसा गया जिसमें गाँव के सरपंच अनिता,चन्दन राठिया, उपसरपंच दिलीप कुमार सारथी, सचिव हिरेंद्र गवेल, सह सचिव लक्ष्मी नारायण नायक, गौटिया दिगम्बर राठीया, लाल राठौर एवं मितानिन गण सहित गांव के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे स प्रधानपाठक द्वारा तोस राम चन्द्रा एवं उनके मित्रगण को शालेय परिवार के तरफ़ से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया गया।

# निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना

जोहार छत्तीसगढ़-बलौदाबाजार।




छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा छ.ग. भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों हेतु नि:शुल्क कोचिंग सहायता योजना प्रारंभ किया गया है। श्रम पदाधिकारी आजाद सिंह पात्रे बताया कि यह योजना छग सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक है जिनके द्वारा आर्थिक रूप से पिछड़े, कमजोर होने के कारण श्रमिकों के बच्चे प्रतिभावान एवं योग्य होते हुए भी उच्च शिक्षा एवं शासकीय सेवाओं में नहीं जा पाते हैं ऐसे बच्चों के उज्वल भविष्य एवं उन्हें समाज के मुख्य धारा में जोड़कर सक्षम बनाने हेतु इस कोचिंग योजना को प्रारंभ किया गया है ताकि श्रमिकों के बच्चे भी कोचिंग कर शासकीय सेवाओं में चयनित हो सके। इस योजना के अंतर्गत ऐसे निर्माण श्रमिक जिनका पंजीयन को कर्मकार मंडल में 1 वर्ष पूर्ण हो चुका है स्वयं तथा अपने प्रथम दो बच्चे को जो शैक्षणिक योग्यता रखते हो इस योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे सीजी पीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग,रेल्वे, पुलिस इंट्रेस,एग्जाम के अंतर्गत समय-समय पर जारी होने वाले प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु न्यूनतम 4 माह से अधिकतम 10 माह तक की अवधि के लिए आवश्यकतानुसार नि:शुल्क कोचिंग का अवसर प्रदान किया जाएगा। योजना का लाभ केवल ऑनलाईन आवेदन के माध्यम से कर सकते है। आवेदक स्वयं, किसी भी च्वाईस सेंटर, श्रमेव जयते मोबाईल एप्प अथवा संबंधित क्षेत्र में श्रम कार्यालय के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। योजना आवेदन हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे हितग्राही की जीवित पंजीयन कार्ड की मूल स्कैन प्रति, आधार कार्ड की प्रति, शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र एवं अंक सूची की प्रति एवं हितग्राही द्वारा स्वघोषणा प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है। ऑनलाईन आवेदन के साथ केवल मूल दस्तावेज ही स्कैन कर ऑनलाईन अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। अधिक जानकारी हेतु श्रम विभाग कार्यालय के दूरभाष नम्बर 0771.3505050 पर संपर्क कर सकते है।

# प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला ओंगना में न्यौता भोजन का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़



**धरमजयगढ़।** शासन द्वारा न्योता भोजन कार्यक्रम की घोषणा के बाद सभी स्कूलों में न्यौता भोज शुरू हो गया है। विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत ग्राम ओंगना के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला के बच्चों के लिए एक साथ न्योता भोजन का आयोजन किया गया। न्योता भोजन कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डिगेश पटेल, भाजपा नेता हरिशचंद्र राठिया, गोकुल नारायण यादव, भरतलाल साहू ने उपस्थित लोगों को न्योता भोजन का उद्देश्य के बारे में जानकारी दी। इस अवसर सभी अतिथियों ने बच्चों के साथ बैठकर भोजन किया। न्योता भोजन में भाजपा नेता टार्जन भारती, गोविंद दास महंत, अनिल पांडेय, शिशुपाल गुप्ता, शशि पटेल, हरिराम राठिया, निरंजन गुप्ता, जगन्नाथ सा , अमित राठिया, जयहरी सारथी, बोधसिंह, नृपलाल, रफीक खान, श्याम साहू, भगवान सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। न्योता भोजन की व्यवस्था शाला प्रबंध एवं विकास समिति द्वारा की गई थी। स्कूल के प्रधान पाठक सुगन प्रसाद साहू, ललिता पटेल, सीएसी मिहिर विश्वास, ब्रिजिट टोप्पो, अशोक साहू, सिसिलिया एक्का, सुष्मा शुक्ला सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।



# सुपेबेडा के इंटेक वेल के काफ़र डेम को रेत ठेकेदार ने पहुंचाया नुकसान तो पीएचई से हुयी शिकायत

किडनी रोग प्रभावित गांव के लिये बन रहे इंटेक वेल के लिये रेत माफिया बना बड़ा रोड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।




जिले के देवभोग क्षेत्र में रेत का अवैध परिवहन कोई नयी बात नहीं है यहां कउमहडई करलागुडा दबनई करचिया और सेंदमुडा घाट पर रेत माफियाओं का अवैध परिवहन प्रशासन के नाक तले धड़ल्ले से चल रहा है। स्थानीय प्रशासन रेत के अवैध परिवहन पर कारवाई को लेकर चुप्पी साध ली है तो वहीं जिला खनिज अधिकारी महिने में एक आध बार क्षेत्र का दौरा कर एक दो अवैध परिवहन पर कारवाई कर खानापूर्ति कर लेते हैं।

### अवैध परिवहन कर्ता का करतुत इंटेक वेल का काफर डेम ध्वस्त

किडनी रोग प्रभावित सुपेबेडा को स्वच्छ जल प्रदाय के लिये लगभग 10 करोड़ रूपये के लागत से बन रहे इंटेक वेल निर्माण में रेत माफिया सबसे बड़ा रोड़ा बन गया है रेत के अवैध परिवहन कर्ता ने सरकार के बडे प्रोजेक्ट के लिये निर्माण के 50 मीटर परिधि में बन रहे काफर डेम को अपने लाभ के लिये ध्वस्त कर दिया। जब प्रोजेक्ट के ठेका कम्पनी महावीर शोर बेल्स ने इसका विरोध किया तो अवैध परिवहन कर्ता के मुंशी ने उसे ही धमकी दे डाला। काफ र डेम क्षतिग्रस्त होने के कारण प्रोजेक्ट का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रही है।

### काफर डेम क्यों जरूरी है प्रोजेक्ट के लिये

सुपेबेडा को स्वच्छ जल प्रदाय करने 10 करोड लागत के इंटेक वेल का काम दो माह से चालू है इसके निर्माण का ठेका महावीर बोरवेल को मिला है सुपेबेडा बस्ती में बन रहे वाटर रिमूवल प्लांट को तेल नदी से पानी सप्लाई के लिये नदी के भीतर इंटेक वेल का कार्य चल रहा है जिसके लिये बाहर का पानी इंटेक वेल को क्षति ना पहुंचाये 50 मीटर में बाहर से मिट्टी लाकर काफ र डेम बनाया गया था जिसे रेत माफिया के लोगो ने ध्वस्त कर दिया।

### क्षेत्र में किसी भी खदान का ठेका नहीं फिर भी हो रहा अवैध खनन

खनिज विभाग ने देवभोग तहसील अंतर्गत इस वर्ष कुमहडई घाट का निविदा जारी किया था पर परिवहन विभाग का एनओसी नहीं होने के कारण विभाग ने अब तक रायल्टी जारी नहीं किया है ये सबके बाद भी समय-समय पर विभाग और स्थानीय प्रशासन को अवैध रायल्टी वसूली और अवैध परिवहन की शिकायत लगातार मिल रही थी फिर भी प्रशासन इसे रोकने में नाकाम रही है। देवभोग क्षेत्र में 8 से 10 घाट है फिलहाल किसी भी घाट का ठेका किसी के पास नहीं है फिर क्यों अवैध खनन और परिवहन हो रहा है इसका जबाब जवाबदारो के पास नहीं है।

### पीएचई के आला अधिकारी से शिकायत

*जहां इंटेक वेल के ठेकेदार महावीर बोर वेल्स ने 03 मार्च को पीएचई के कार्यपालन अभियंता को कार्य में बाधा का शिकायत किया है वहीं मामले पर पीएचई अधिकारी पंकज जैन ने कहा है अवैध परिवहन रोकने टास्क फोर्स बनाया गया है उन्हें अवगत करा दिया गया है और विभाग ने कलेक्टर को पत्र लिखकर आवश्यक कार्यवाही के लिये निवेदन किया है।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in